हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 1 अगस्त 2026

किसानों से फसल बीमा के लिए ले रहे 2% प्रीमियम राशि

बीमा कराने 1.80 लाख किसानों ने जमा किए 22.63 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 की फसलों का बीमा कराने के लिए किसानों के पास अब 16 दिन का अतिरिक्त समय मिल गया है। केंद्र सरकार ने पहले निर्धारित 31 जुलाई की अवधि को बढ़ाते 16 अगस्त अंतिम तिथि कर दी है। जिसका लाभ अविभाजित जिले के हजारों किसानों को मिलने वाला है। वहीं अब तक अंचल के 1.80 लाख किसानों ने अपनी 2.37 लाख हेक्टेयर फसल के बीमा के बदले 22.63 करोड़ रुपए प्रीमियम के रूप में जमा कर दिए हैं। इन किसानों की फसल का 1131 करोड़ रुपए का बीमा हुआ है।

इधर कृषि विभाग ने ऋणी और अऋणी दोनों श्रेणी के किसानों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उल्लेखनीय है कि योजना में धान, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी, अरहर, मूंगफली, उड़द और मूंग शामिल हैं। इन फसलों के लिए किसानों को बीमित राशि का दो प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। जबकि शेष राशि राज्य और केंद्र सरकार वहन करेगी। पुनर्गठित मौसम आधारित योजना में सब्जी और फल उत्पादक किसानों के लिए पांच प्रतिशत प्रीमियम निर्धारित है। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बी-1, पी-2, बैंक पासबुक की प्रति और स्व-घोषणा पत्र जरूरी होगा। आवेदन बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र अथवा कृषि विभाग के माध्यम से किए जा सकते हैं। बजाज जनरल इंश्योरेंस कंपनी अधिकृत बीमा कंपनी रहेगी।

फसल बीमा कराने अब 16 अगस्त तक मौका

पोर्टल के जरिये हो रहा पंजीयन

किसान 16 अगस्त तक राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल, निकटतम बैंक, सहकारी समिति, कॉमन सर्विस सेंटर अथवा अन्य अधिकृत वित्तीय संस्थानों के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के तहत किसानों को सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, ओलावृष्टि, चक्रवात, जलभराव सहित अन्य अधिसूचित प्राकृतिक जोखिमों से फसल क्षति होने पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत किसान 14 अगस्त तक अपनी बीमित फसल के नाम में आवश्यक संशोधन करवा सकते हैं।

बागवानी के लिए भी

योजना के अंतर्गत प्रदेश के कई इलाकों में बागवानी का भी फसल बीमा किया जाता है। इनमें टमाटर, बैगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता और अमरूद का बीमा कराया जा सकता है। बेमौसम बारिश, कम या अधिक वर्षा, तापमान में असामान्य उतार-चढ़ाव, तेज हवा, अधिक आर्द्रता और प्रतिकूल मौसम के कारण कीट एवं रोगों से होने वाले नुकसान की भरपाई योजना के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। किसानों को संबंधित फसल की निर्धारित बीमित राशि का केवल 5 प्रतिशत प्रीमियम जमा करना होगा।

2.64 लाख ने कराया था बीमा

इस साल के मुकाबले पिछले साल फसल बीमा कराने में किसानों की दिलचस्पी अधिक नजर आ रही थी। यही कारण है कि पिछले साल अंतिम तिथि 30 अगस्त तक जिले में 2 लाख 64 हजार 119 किसान ने फसल बीमा कराया था। उस समय किसानों ने अपनी 2.73 लाख हेक्टेयर फसल के लिए 21.54 करोड़ रुपए की प्रीमियम राशि जमा की थी। जिसके बदले उनकी फसल का 1577 करोड़ रुपए का बीमा किया गया था।

खेतों में बुवाई पूरी, फसल ग्रोथ दिखने लगी

इधर अंचल में मानसून की बेहतर स्थिति के बाद अब जिले में 95 फीसदी से अधिक रकबे में बोनी कार्य पूरा कर लिया गया है। किसानों को शुरुआती दिनों में हुई पानी की किल्लत अब पूरी तरह से दूर हो गई है। बल्कि अधिक पानी गिरने से अब खेतों में पानी भर गया है, जिसके निकलने का इंतजार कई इलाकों में किसान कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार पखवाड़ेभर पहले बोनी कर चुकें किसानों की फसल में अब ग्रोथ भी दिखने लगा है। वहीं किसान भी खासकर धान की फसल मे ग्रोथ के लिए खाद का उपयोग कर रहे है। अब किसानों का मानना है कि यदि एक सप्ताह बाद भी अच्छी बारिश हो जाए तो फसल के लिए संजीवनी का काम हो जाएगा। हालांकि अंचल के लगभग सभी इलाकों में किसानों को पर्याप्त पानी मिल गया है।

डोंगरगांव एसडीएम ने सुनाया फैसला

सूदखोरी पर बड़ा फैसला, 15 साल पहले किसानों से हड़पी जमीन की रजिस्ट्री शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगांव के सूदखोरों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराकर किसानों की जमीन हड़पने के मामले में प्रशासन ने बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में डोंगरगांव एसडीएम अनिकेत साहू ने फैसला सुनाते हुए सालों से न्याय के चक्कर काट रहे किसानों से हड़पी गई जमीन की रजिस्ट्री शून्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस मामले में किसान को करीबन 15 साल बाद न्याय मिला है।

मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2008-09 में डोंगरगांव क्षेत्र के लगभग दर्जनभर किसानों ने ब्याज पर रकम लिया था। जिसके बाद रुपए की अदायगी भी कर दी। इस दौरान सूदखोरों ने फर्जी तरीके से वर्ष 2011 में धोखाधड़ी करते हुए किसानों की जमीन रजिस्ट्री करा ली। किसानों को जब इसकी जानकारी मिली तो किसानों ने न्यायालय की शरण ली। पेशी जाते-जाते कुछ किसानों के पिता का स्वर्गवास भी हो गया। हालांकि उनके देहांत के बाद उनके पुत्रों ने इस न्याय की लड़ाई को जारी रखा। वर्ष 2014 में इसकी शिकायत तहसील स्तर पर की गई। इसके बाद मामला एसडीएम न्यायालय और फिर जिला कलेक्टर तक पहुंचा। इसके बाद लगभग 2 वर्ष तक सिविल न्यायालय में मामला चला और वर्ष 2023 में वापस डोंगरगांव राजस्व न्यायालय में प्रकरण भेजा गया।

फरियादियों के खिले चेहरे

इस मामले में सुनवाई और प्रक्रिया के दौरान किसानों को 96 पेशी मिल चुकी थी। किसान सभी पेशी में उपस्थित भी हुए हैं, लेकिन फैसला नहीं आने से किसान हताश और परेशान हो गए थे। मामला सिविल न्यायालय में चला,इसके बाद सुनवाई एसडीएम कोर्ट में हुई और एक फरियादी के पक्ष में अब फैसला आने से अन्य किसानों में भी न्याय मिलने की आस से खुशी की लहर दौड़ गई है। ज्ञात हो कि कुल 11 किसानों के प्रकरण इस मामले में चल रहे हैं।

वारिसों के नाम होगी भूमि

मामले में डोंगरगांव एसडीएम न्यायालय से फैसला देते हुए भूमि हड़पने संबंधी कुचक्रों से मुक्ति अधिनियम 1976 की धारा 7 (ii) के तहत कुमरदा तहसील क्षेत्र के ग्राम बंशीबंजारी स्थित वाद भूमि खसरा नंबर 53 एवं 507/1 को लेकर 19 अप्रैल वर्ष 2011 को की गई रजिस्ट्री शून्य घोषित कर दिया गया है। वहीं उक्त आदेश में संबंधित हल्का पटवारी को उक्त वाद भूमि स्व. तोरण लाल नांदेश्वर के वारिसानों के नाम पर पुनः राजस्व अभिलेख दुरूस्त करने निर्देशित किया गया है।

खबर संक्षेप

स्कूल में विद्यार्थियों ने लगाए पौधे

जेवरतला रोड। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेन्द्रीबन नवागांव के प्राचार्य पीआर सुधाकर के मार्गदर्शन में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री सुधाकर ने कहा कि वृक्षों की कटाई करने के बजाए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना प्राथमिक कदम होना चाहिए। इस अवसर पर निमिषा भुआर्य, दुष्यंत साहू, माधव ठाकुर, एसलाल साहू, पुष्पारानी कन्नौजे, निर्मला सूर्यवानी, शोभा खरखटे, हेमलता पटेल, ममता साहू, आरती धनेन्द्र, भूपेन्द्र साहू, मन्नू ठाकुर, रवि मार्कण्डेय, पोमेश्वर पटेल उपस्थित थे।

नि:शुल्क रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण

डोंगरगांव। परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज कुमरदा, घुपसाल के तत्वावधान में रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। बलराम श्रीवास के सहयोग से स्वाथ्य जाँच के लिए डाक्टरों की टीम तथा नि:शुल्क दवाई उपलब्ध हुई। समाज के मेघनाथ साहू ने इस पहल के लिए श्री श्रीवास का आभार व्यक्त किया है।

गहिराभेड़ी शाला में पौधारोपण

चिचोला। पूर्व माध्यमिक शाला गहिराभेड़ी में बुधवार को शिक्षक- पालक बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने पदाधिकारियों को पौधे प्रदान कर लगाने का अनुरोध किया। इस दौरान अध्यक्ष द्रोणाचार्य साहू, एवंतीन चन्द्रवंशी, द्वारका पोर्ते, तिनेश कुमार, नीलकंठ उइके, अमरसिंग, छगन धनकर, नंदनी, पावित्री, सुरतिया, भेनुबाई पटेल, सुनीता यादव, रेखाबाई, ईश्वरीबाई, यामिनी, गैंदीबाई, धनेश्वरी बाई, प्रधान पाठक रामकुमार चन्द्रवंशी, कन्हैया साहू, शंकरलाल दुबे, हरिश्चंद्र कोल्यारे, वीरेन्द्र तिवारी, हीराबहादुर सोनकर एवं हेमलता साहू उपस्थित थे।

श्रद्धा से मनाई गई गुरुपूर्णिमा

एलबी नगर। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्राचार्य डालचंद यादव एवं भगवानी पटेल ने गुरु की महिमा बताया। साथीराम, संध्या दीदी ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस मौके पर हनुमत, सुभाष बंजारे, गिरवरसिंह, जागृति, सनी, यशोदा वर्मा, नेहा, नेम, सोमेश्वरी, ज्योति, आदि उपस्थित थे।

डेम की मरम्मत से किसानों को लाभ

बेलगांव। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कार्यक्रम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने बिलहरी स्थित चेक डैम का जीर्णोद्धार कराया है। इस कार्य से लगभग 40—50 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। चेक डैम के जीर्णोद्धार से वर्षा जल का संचय होगा और भू-जल स्तर में सुधार आएगा। खरीफ एवं रबी फसलों की खेती को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्य को कराने मे प्रोजेक्ट मैनेजर भैया सिंह झरे, नंदलाल साहू, दिव्या रानी कश्यप एवं प्रदीप सिन्हा की सक्रिय भूमिका रही।

चकनार में नाली का भूमिपूजन

सड़क अतरिया। ग्राम पंचायत चकनार नर्मदा की वर्षों पुरानी नाली निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। गंडई-छुईखदान मार्ग के रहवासी पानी निकासी नहीं होने से परेशान थे। बरसात में यह समस्या गंभीर हो जाती थी।सड़क का पानी किनारे में जाम हो जाता था जिससे राहगीरों को काफी परेशानी होती थी। वहीं ग्रामीणों के घर निकलने वाला निस्तारी पानी भी सड़क किनारे जाम रहता था। ग्रामीणों की मांग पर पंचायत ने लोक निर्माण विभाग से नाली निर्माण की मांग किया था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। शुक्रवार को सरपंच वंदना लालचंद पटेल ने नाली का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रकाश जंघेल, बोधनसिंह मेरावी, राहुल जंघेल, अरविंद जंघेल, सुखीराम आदि मौजूद थे। नर्मदा चौक के समीप से खैरा नाला तक नाली बनाया जाएगा।

स्वतंत्रता आंदोलन पर विविध आयोजन

सोमनी। ठाकुरटोला स्थित सीआरसी सेंटर में दिव्यांग लाभार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र का शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ, जिसमें दिव्यांग लाभार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद प्रथम वर्ष के डीआईएसएलआई विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र की शुरुआत पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना के उद्बोधन से हुई। दिव्यांग लाभार्थियों के लिए समूह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय गौरव से संबंधित विषयों को प्रदर्शित किया गया। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास एवं महत्व से अवगत कराने के लिए व्याख्यान आयोजित किया गया। नितिन नारायण देवांगन ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सेनानियों के त्याग, बलिदान एवं योगदान पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन डॉ. लिलीमा पटेल ने किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का समन्वयन चुनमुन मोहंती ने किया।

वी क्लब के पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार

डोंगरगढ़। द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ डोंगरगढ़ की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। अतिथि शपथ क्लब की संस्थापक सदस्य माधुरी, विशिष्ट अतिथि अनुराधा द्विवेदी, उषा किरण शाह थी। स्वागत के बाद शपथ अधिकारी ने टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष भावना सिंह, सचिव नम्रता दम्मानी, कोषाध्यक्ष ममता साहू आदि ने सेवा, समर्पण एवं उत्तरदायित्वों को पूरा करने का संकल्प लिया। संचालन मोना राणा एवं अंत में आभार प्रदर्शन नम्रता दम्मानी ने किया।

कांग्रेसियों ने किया उप पंजीयक दफ्तर का भूमिपूजन

शिकायत के बाद हाउसिंग बोर्ड का सब-इंजीनियर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ में उप पंजीयक कार्यालय भवन का भूमिपूजन कांग्रेसियों द्वारा किए जाने के बाद मचे बवाल के बाद छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव तक शिकायत पहुंचने के बाद विभाग ने सहायक अभियंता सुशील कुमार लहरे को निलंबित कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ में पिछले 25 जुलाई को कांग्रेस नेताओं ने उप पंजीयक कार्यालय भवन का भूमिपूजन किया था। इस दौरान वहां सहायक अभियंता सुशील कुमार लहरे भी उपस्थित थे। उदघाटन की जानकारी जैसे ही भाजपा नेताओं को मिली, उन्होंने भी वहां पहुंचकर दोबारा भूमिपूजन किया। इस मामले की शिकायत डोंगरगढ़ के भाजपा नेताओं ने प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव से की। इसके बाद विभाग ने पूरे मामले की जांच कराई। जांच में पाया गया कि घटना के समय सब-इंजीनियर (सहायक अभियंता) सुशील कुमार लहरे मौके पर मौजूद थे और उन्होंने स्थिति स्पष्ट करने या विभाग को जानकारी देने में लापरवाही बरती।

बिना अनुमति के कार्यक्रम

बताया जाता है कि गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने डोंगरगढ़ में उप पंजीयक कार्यालय भवन के भूमिपूजन को लेकर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया था। इसके बाद भी कांग्रेसियों ने ठेठेवारपारा पहुंचकर भूमिपूजन कर दिया था। इस बात को लेकर काफी बवाल भी मचा रहा।

नवा रायपुर बनाया गया मुख्यालय

निलंबन अवधि के दौरान सुशील कुमार लहरे का मुख्यालय गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल पर्यावास भवन नवा रायपुर अटल नगर निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

लापरवाही मानते हुए किया निलंबित

विभाग ने इसे कार्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता मानते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत सुशील कुमार लहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

सड़क की दशा नहीं सुधरी तो रोपा लगाएंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

ग्राम के अटल चौक के पास सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह में सड़क की मरम्मत शुरू नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस कार्यकर्ता धान रोपाई कर विरोध जताएंगे।

जानकारी के अनुसार उदयपुर से मुख्य मार्ग तक पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा निर्मित सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। यह मार्ग लाकर बाजार, अतरिया, खैरागढ़, रायपुर तथा साल्हेकला-परपोड़ी-बेमेतरा को जोड़ती है। इसी सड़क से अस्पताल, मिडिल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल, सेवा सहकारी समिति, पंचायत भवन, खाद्यान्न गोदाम तथा ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स जुड़े हैं। सड़क की बदहाली से ग्रामीणों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने सड़क की दुर्दशा को लेकर सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि एक सप्ताह में सड़क की मरम्मत नहीं किया जाता तो कांग्रेस कार्यकर्ता धान रोपाई कर विरोध दर्ज कराएंगे।

उद्योग की काली राख बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

ग्राम में स्थित एक उद्योग एवं राइस मिल से निकलने वाली राख से पर्यावरण के साथ ग्रामीणों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। काली राख की चपेट में खेत, नदी, पेड़ और जीव जन्तु आ रहे हैं। हवा चलने पर यह राख कई किलोमीटर तक फैलती है जिससे घरों की छत, वाहनों और पेड़ों पर काली परत बिछ जाती हैं। राख के महीन कण हवा में घुलकर बच्चे और बुजुर्गों को ज्यादा प्रभावित कर रही है वहीं खेतों की उर्वरता कम हो रही है। नालों और नदियों का पानी दूषित हो रहा है।

ग्रामीण बताते हैं कि घर के बाहर कपड़े सुखाने पर काले हो जाते हैं। बच्चों को खांसी-जुकाम होने की शिकायत बनी रहती है। किसानों का कहना है कि उनके खेतों की पैदावार 20 से 30 प्रतिशत कम हो गई है। वहीं कंपनियों में आने वाले मालवाहक नवीन सर्विस रोड पर खड़े रहते है जिससे आवाजाही प्रभावित होती है साथ ही दुर्घटना होने की आशंका रहती है। लोगों कहना है प्रदूषण रोकने के लिए राखड़ डंपिंग साइट को ढककर रखने के साथ नियमित छिड़काव किया जाना चाहिए।

ग्रामीणों में आक्रोश

सरपंच नीलिमा शिवा साहू ने कहा कि काली राख का मानकों के अनुरूप निस्तारण किया जाना चाहिए। राख के कारण आसपास के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है, तो कंपनी प्रबंधन को तत्काल प्रभावी कदम उठाना चाहिए। उपसरपंच विजय राजपूत ने कहा कि संबंधित विभाग को निरीक्षण कर पर्यावरणीय नियमों के पालन कराने की पहल करना चाहिए। किसान गजेन्द्र बंजारे ने बताया कि कंपनी के पास ही उसका खेत है। हर साल उसकी फसल खराब हो जाती है। प्रताप सिंह मैथिलक्षत्रीय ने बताया कि लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। राख सीधे आंख में घुसने से परेशानी होती है। ऐसे ही चलते रहा तो आंखें खराब होने की आशंका बनी हुई है।

आषाढ़ माह ने बढ़ाया टेंशन, सावन में किसानों को अच्छी बारिश की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अब तक खंड एवं अल्प वर्षा होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। आषाढ़ का महिना बीतने के बाद किसानों को सावन में बेहतर बारिश होने की उम्मीद है। अल्प एवं खंड वर्षा होने के कारण क्षेत्र में अब तक धान रोपाई कार्य अटका हुआ है।

पानी की कमी के कारण ओन्हारी एवं बोता पद्धति से बोआई हुए धान की बढ़वार रूक गई है। खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने से कृषक खाद का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जलाशयों में पर्याप्त जल भराव नहीं होने से नहरों से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है,जिससे किसानों की समस्या और बढ़ गई है।

बहुत से छोटे एवं मध्यम किसानों को बेहतर बारिश और नहरों में सिंचाई का पानी आने का इंतजार है। सावन के शुरूवाती दिनों में मौसम के मिजाज को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस माह अपेक्षित वर्षा होगी। क्षेत्र के किसानों ने धान रोपाई के लिए नहरों से पानी देने की मांग की है।

बीमा कराने उमड़ी भीड़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने की तिथि 31 जुलाई तय किया गया था। शुक्रवार को बीमा कराने की अंतिम तिथि रही। अंतिम तिथि में सोसायटी एवं आनलाईन सेंटरों में फसल बीमा कराने किसानों की भीड़ रही। सर्वर धीमा होने से देर शाम तक भीड़ देखा गया। जानकारी मुताबिक सभी सोसायटियों में 80 फीसदी से अधिक किसानों ने फसल का बीमा करा लिया है।

लागत ने बढ़ाई किसानों की चिंता

एक तरफ मौसम की बेरूखी तो दूसरी ओर धान की बढ़ती उत्पादन लागत ने किसानों को चिंता में डाला हुआ है। किसानों ने बताया कि बीज, खाद, दवा, डीजल सहित ट्रैक्टर एवं मजदूरी की दर बढ़ने से प्रति हेक्टेयर उत्पादन लागत काफी अधिक हो गया है। वहीं दूसरी ओर कृषि केन्द्रों में किसानों को दवाईयां मंहगे दाम पर देने की जानकारी मिल रही है।

जंगल में फिर दिखा भालू, दहशत का माहौल

डोंगरगढ़। पनियाजोब के समीपवर्ती जंगल में भालू दिखाई देने के बाद ग्रामीणों और राहगीरों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है। जंगल में भालू को विचरते हुए लोगों ने देखा और मोबाईल से उसका वीडियो भी बनाया। सोशल मीडिया मे भालू का विडिया वायरल होने के बाद लोगों की चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार कुछ महीनों से वन क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियां बढ़ गई है। बीते दो महीनों में करबारी पहाड़ी र सहित अन्य स्थानों पर भालू देखे जाने की खबर है।

गौरतलब है कि पिछले चार वर्षों से क्षेत्र में भालू ही नहीं, बल्कि तेंदुए की मौजूदगी की खबरें भी सामने आती रही हैं। वन्य जीवों की लगातार आवाजाही से जंगल से लगे इलाकों के ग्रामीणों के साथ शहरवासियों में दहशत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा लोगों को सतर्क रहने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

विधायक ने रोपा लगाकर सुनी समस्याएं

डोंगरगढ़। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ईराईकला, पटेवा एवं बघेरा का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणो की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। ईराईकला में विधायक श्रीमती बघेल ने जनपद सदस्य तुलसी साहू के साथ खेतों में पहुंचकर किसानों एवं ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने खेती की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक ने खेत में उतर धान की रोपाई किया। खेत में काम करने के दौरान विधायक ने गुलगुला भजिया का स्वाद लिया।

धर्म ही मानव के आत्म कल्याण का मार्ग : साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में चातुर्मास के निमित्त से विराजित साध्वी आज्ञांजनाश्रीजी म.सा. ने धर्मसभा में श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा की वाणी चलते-फिरते सुनने की वस्तु नहीं है। उसे पूरी पूरी श्रद्धा और एकाग्रता से श्रवण कर जीवन में उतारना चाहिए। जिनवाणी जब अंतर्मन में उतरती है, तब आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रवचन में साध्वीश्री ने कहा कि प्रत्येक श्रावक को अपने कर्तव्यों को समझकर उन्हें जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने आचार्य हरिभद्रसूरि के ज्ञान, धर्मप्रचार और साहित्यिक योगदान का उल्लेख करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। म.सा. ने कहा कि किसी भी धर्म का ज्ञान प्राप्त करना अनुचित नहीं है, किंतु सबसे पहले अपने धर्म के मर्म को समझना आवश्यक है। जीवन के कल्याण का मार्ग जहाँ भी मिले, उसे विनम्रता से ग्रहण करना चाहिए।

अहंकार का करें त्याग

साध्वीश्री ने कहा कि मनुष्य को नाम, पद और अहंकार से ऊपर उठकर आत्मस्वरूप का बोध करना चाहिए। जैसे कुएँ का मेंढक बाहर निकलकर संसार की विशालता को जानता है, उसी प्रकार आत्मज्ञान से मनुष्य मिथ्यात्व से बाहर निकलकर सत्य के प्रकाश में प्रवेश करता है। करुणा, दया और सम्यक्त्व का भाव जागृत हो जाए तो आत्मा का विकास निश्चित है।

सरकारी जमीन हड़प रहे लोग

डोंगरगढ़। शहर में शासकीय और नजूल की जमीन पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है। अतिक्रमण बढ़ने के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। वार्ड दो स्थित नाले का पाट कर निर्माण करने के मामले में नगर पालिका ने काम बंद करने नोटिस जारी किया था। यह निर्माण पुनः शुरू हो गया है। इसी प्रकार खैरागढ रोड स्थित अस्पताल सहित विभिन्न वार्डों में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कराया जा रहा है।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

छात्र परिषद ने ग्रहण किया पदभार

डोंगरगढ़। अजीज पब्लिक स्कूल रामाटोला में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला नायक आदिल खान, शाला नायिका अर्शिया खान सहित वैश खान, महक बानो, शशि साहू, युवती साहू, फरहत अंसारी एवं चारों सदनों के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम शिवम-यादव, उप प्राचार्य तन्मय शर्मा एवं शिक्षक मौजूद थे।

कांफ्लुएंस में गुरु पूर्णिमा उत्सव आयोजित

राजनंदगांव। कांफ्लुएंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस सेल एवं रास्केट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान का स्रोत और जीवन का मार्गदर्शक माना गया है। इसी परंपरा को जीवित रखते महाविद्यालय परिवार ने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया और गुरुशिष्य संबंध की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि से हुआ। जिसमें गुरुजनों का सम्मान पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत करते गुरु के मार्गदर्शन को जीवन की सबसे बड़ी धरोहर बताया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गीत, कविता पाठ और नृत्य के माध्यम से गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। महाविद्यालय के संचालक, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा के साथसाथ नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का महत्व समझाया। कार्यक्रम का वातावरण श्रद्धा और सीखने की भावना से परिपूर्ण रहा।

विनोद प्रदेश महामंत्री मनोनीत

राजनांदगांव। बजरंग सेना संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. नीलेश सिंह की अनुशंसा पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियां की गई है। संगठन द्वारा विनोद सोनकर को प्रदेश महामंत्री तथा तामेश्वर साहू को जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर डॉ. नीलेश सिंह ने दोनों नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन की विचारधारा एवं सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन समाजहित, राष्ट्रहित एवं जनसेवा के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा तथा सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इसकी सूचना बजरंग सेना के मीडिया प्रभारी राजकुमार ने दी।

साधकों ने मनाया गुरुपूर्णिमा महापर्व

राजनांदगांव। पूज्य संत श्री आशारामजी बापू के साधकों ने मोहारा स्थित संत श्री आशारामजी आश्रम में उत्साह के साथ गुरु पूर्णिमा महापर्व मनाया। श्रद्धालुओं ने गुरु-पादुका पूजन, मानस पूजन, माला पूजन एवं गुरु-ध्यान कर अपने सद्गुरुदेव के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु-वंदना एवं प्रार्थना से हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गुरु-पादुका पूजन, मानस गुरु-पूजन, जप-संकल्प तथा विश्वकल्याण की मंगलकामना की। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर एवं कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने अपने विचार रखे। महोत्सव में राजनांदगांव जिले सहित डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, चौकी, मोहला, खैरागढ़ एवं गंडई क्षेत्र तथा आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में सेवाधारी भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। उक्त जानकारी श्री योग वेदांत सेवा समिति के संजय साहू ने दी।

बैठक में युवाओं को जोड़ने पर जोर

गंडई-पंडरिया। स्थानीय विश्रामगृह गंडई में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शत्रूहन चंदेल ने की। बैठक में संगठन के क्रियाकलापों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष शत्रुहन चंदेल ने बताया कि उनके कार्यभार संभालने के बाद से प्रदेश और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशों पर सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कार्यकर्ताओं की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। जिला इंका अध्यक्ष कोमल दास साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने बूथ कमेटियों को सक्रिय करने तथा नगर के वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में संजू चंदेल, रमेश साहू, चेतन देवांगन, रुखमणी देवांगन, हेमलता ठाकुर, लियाक़त अली, क्रांति ताम्रकार, नारायण चतुर्वेदी, अमित टंडन, शैलेंद्र जायसवाल, रितेश अग्रवाल, बेदराम वर्मा, ताराचंद बंजारे, टीकम साहू, उषा रात्रे, मंजू नेताम, गोवर्धन साहू, निरंजन धनकर, रिंकू गुप्ता, कमलेश यादव, आत्मा वर्मा, महंगू कोसरिया, मोहन साहू, पवन बघेल, रमेश नेताम, भूपेंद्र साहू, जयराम मंडावी, राजू धनकर, शेखर साहू, सावित्री कोसरे, शिवकुमार यदु, दुलारसिंह साहू, चुक्ता मरकाम, संतोष साहू सहित अन्य मौजूद थे।

आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे

ई-रिक्शा में सवार होकर निकले विस अध्यक्ष, किया जनता का अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज दोपहर गौरवपथ, कमला कॉलेज रोड सहित शहर की सड़कों में चलती एक ई-रिक्शा पर जैसे ही लोगों की नजर पड़ी लोग हैरत से मंत्रमुग्ध हो गए, क्योंकि इस ई-रिक्शे पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सवार थे। जिसने भी यह नजारा देखा वो उत्साहित हो गए। वहीं मयूरी ई-रिक्शे पर सवार डॉ. रमन सिंह ने भी ई-रिक्शा से हाथ हिलाकर अपने क्षेत्र की जनता का अभिवादन किया।

आज दोपहर पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित श्रम कल्याण, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह यहां विभिन्न लाभार्थियों से योजनाओं को लेकर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना प्राप्त एक महिला से पूछा कि वह ई-रिक्शा चलाती है, तो महिला ने कहा हां, तभी डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कार्यक्रम समापन के बाद वह उसकी ई-रिक्शा में जाएंगे।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कार्यक्रम जैसे ही खत्म होगा, गेट के पास अपनी ई-रिक्शा लगा देना और हुआ भी ऐसा ही। कार्यक्रम समापन के बाद ऑडिटोरियम के द्वार पर ई-रिक्शा तैयार था, तभी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस ई-रिक्शे पर बैठकर शहर के विभिन्न सड़कों से होते हुए पार्टी मीटिंग के लिए निकले।

मोलभाव करना जरूरी

अपने चित-परिचित अनोखे अंदाज में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ई-रिक्शा पर सवार होना है, लेकिन कितना पैसा लगेगा, पहले मोलभाव कर लेता हूं। उन्होंने कहा कि भले मुझे विधायक होने के नाते थोड़ा पैसा कम ले लेगी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ई-रिक्शा में जाने चालक से ज्यादा उन्हें हिम्मत चाहिए। वहीं पैसा कैश या ऑनलाइन देने के सवाल पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 40 साल से मेरे जीवन में मैं जेब में कैश लेकर नहीं चलता। उन्होंने कहा कि मेरे साथ जो रहते हैं, उनसे मांग लेता हूं या मेरे सुरक्षा वाले दे देते हैं।

प्रेमचंद का साहित्य भारतीय समाज का जीवंत दस्तावेज

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद की जयंती पर प्रेमचंद की कहानियों और उपन्यासों पर केंद्रित समीक्षा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य सदैव प्रासंगिक रहा है और आज भी है। उनका साहित्य भारतीय समाज का ज्वलंत दस्तावेज है। विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने कहानी-उपन्यास आदि साहित्य की समीक्षा किस प्रकार की जाती है, उसके बारीकियों पर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित कराया। विभागीय प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने विद्यार्थियों को बताया कि कहानी और उपन्यास सम्राट प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को हुआ था, इसलिए प्रत्येक वर्ष 31 जुलाई को प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया जाता है। समीक्षा प्रतियोगिता के अंतर्गत 13 विद्यार्थियों ने अलग-अलग कहानियों की समीक्षा की। प्रेमचंद की कहानियों के अलावा सुदर्शन और माधवराव सप्रे की कहानियों की समीक्षा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम अनन्या स्वर्णकार, द्वितीय चेतना सिन्हा एवं तृतीय स्थान पर शिफा अली रही। विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और किताब पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। त्रैमासिक कोर्स भारतीय संस्कार और संस्कृति उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। हिंदी विभाग के वार्षिक एकेडमिक कैलेंडर का विमोचन प्राचार्य द्वारा किया गया।

शहीद मुदलियार की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व विधायक एवं शहीद उदय मुदलियार की जयंती शुक्रवार को श्रद्धा, सम्मान और भावनात्मक वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर सतनाम भवन, नया बस स्टैंड में श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी आयोजित की गई। इसके बाद गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष, त्याग और जनसेवा को नमन किया गया। इसके उपरांत कांग्रेसजनों ने वृद्धाश्रम में फल वितरण किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेसजन, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर शहीद उदय मुदलियार को याद किया। पूर्व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा कि उदय मुदलियार ने विपरीत परिस्थितियों में भी जनहित के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया। उनका राजनीतिक जीवन संघर्ष, सादगी और जनविश्वास का प्रतीक था। नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और लोकतंत्र की मजबूती के लिए कार्य करना चाहिए।

कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि उनके पिता उदय मुदलियार ने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक सद्भाव के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल एक जयंती नहीं, बल्कि उनके विचारों, संघर्षों और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का अवसर है। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि पिता का जीवन हर कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा है और उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया

पूर्व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि उदय मुदलियार केवल कांग्रेस के नेता नहीं, बल्कि राजनांदगांव की जनभावनाओं से जुड़े जननायक थे। उन्होंने समाज के हर वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया और जनता के बीच रहकर राजनीति की। उनका व्यक्तित्व आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। संगोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने उदय मुदलियार के राजनीतिक जीवन, सामाजिक योगदान, जनसंघर्षों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

छात्रों की सुविधाओं के लिए आरटीओ शिविर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा क्षेत्र में परिवहन विभाग से संबंधित कार्यों और छात्र-छात्राओं की सुविधा को लेकर जनहित शिविर आयोजित करने सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह चन्देल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा क्षेत्र के आम नागरिकों, ग्रामीणों तथा विशेष रूप से स्कूली छात्र-छात्राओं की व्यवहारिक समस्या की ओर आकर्षित कराते हुए कहा कि क्षेत्र का मुख्य क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय वर्तमान में राजनांदगांव में स्थित है।

गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा जैसे सुदूर क्षेत्रों से राजनांदगांव की भौगोलिक दूरी अधिक होने और सुलभ आवागमन साधनों के अभाव के कारण क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों को परिवहन विभाग से जुड़े छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी पूरा दिन लग जाता है और आर्थिक परेशानी भी झेलनी पड़ती है। रणजीत सिंह चंदेल ने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न उमा विद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अपने वाहनों के लिए लर्निंग लाइसेंस बनवाने पढ़ाई छोडक़र राजनांदगांव जाना पड़ता है जिससे शिक्षा प्रभावित होती है।

कार्यालय दूर

आरटीओ कार्यालय दूर होने के कारण कईचाहकर भी समय पर अपने लाइसेंस का नवीनीकरण या वाहनों का वैध दस्तावेज दुरुस्त नहीं करवा पाते हैं, जो कि सुरक्षा के लिहाज से भी चिंताजनक है। उन्होने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि जनहित एवं छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए गंडई, पैलीमेटा और साल्हेवारा में परिवहन विभाग के विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए और शिविर मे स्कूली छात्र-छात्राओं व युवाओं का लर्निंग लाइसेंस तत्काल बनाया जाए। लाइसेंस का नवीनीकरण, वाहनों मे नाम ट्रांसफर सहित लाइसेंस व वाहनों के दस्तावेजों में नाम, पता या मोबाइल नंबर संबंधी त्रुटियों का सुधार किया जाए।

5 को रोजगार मेला

राजनांदगांव। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 5 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले में शामिल विभिन्न कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा लगभग 1237 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में पीएसआर लाइफ सॉल्यूशन राजनांदगांव द्वारा इंश्योरेंस एडवाइजर के 50 पद, अशरव फाउंडेशन अशरव सिक्योरिटी एण्ड एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद, केयर टेकर के 150 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पद, हाउसकीपिंग स्टाफ के 150 पद, नर्सिंग असिस्टेंट के 150 पद एवं बेबी सिटर के 150 पद, ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन एण्ड जॉब कंसल्टेंट रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पद, असिस्टेंट मैनेजर ट्रेनी के 50 पद एवं डिप्टी एडवाइजर के 50 पद, रेयॉन इलेक्ट्रिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग के 25 पद, सुपरवाइजर के 5 पद एवं एचआर एग्जीक्यूटिव के 2 पद, शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड हथखोज दुर्ग द्वारा आईटीआई ट्रेनी के 100 पद तथा श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन महाराष्ट्र द्वारा कंस्ट्रक्शन सुपरवाइजर के 55 पदों पर भर्ती की जाएगी।

ओबीसी महासभा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकारों और किसानों के हितों से जुड़े संवेदनशील व महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर ओबीसी महासभा ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ आवाज भरी है। प्रदेश अध्यक्ष के दिशा-निर्देशानुसार व जिलाध्यक्ष शेखूराम वर्मा के नेतृत्व में महासभा प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त कलेक्टर सुमन राज के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन मे महासभा ने 27 प्रतिशम आरक्षण, जातिगत जनगणना और संवैधानिक सुरक्षा. वन नेशन-वन रिजर्वेशन की अवधारणा को प्रमुखता से रेखांकित करते हुए देशभर में अन्य पिछड़ा वर्ग को समान रूप से 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने की मांग की। इसके साथ ही राष्ट्रीय जनगणना 27 में ओबीसी वर्ग की पृथक व पारदर्शी गणना सुनिश्चित करने और ओबीसी कृषि भूमि संरक्षण अधिनियम बनाने की वकालत की।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि देश प्रदेश की आबादी में सबसे बड़ा हिस्सा होने के बावजूद ओबीसी समाज आज भी शिक्षा, शासकीय नौकरियों, शासन-प्रशासन और आर्थिक अवसरों में अपनी न्यायसंगत भागीदारी से वंचित है। संगठन ने स्पष्ट मांग रखी कि शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी सेवाओं, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका व सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में 27 प्रतिशम आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। वही इस व्यवस्था को किसी भी विधिक अड़चन से बचाने और स्थायी सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

कृषि भूमि संरक्षण अधिनियम बनाने की रखी मांग

प्रदेश के संदर्भ में बात रखते हुए प्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य में लंबे समय से ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होने राज्य सरकार से आग्रह किया कि सभी आवश्यक कानूनी और प्रक्रियात्मक औपचारिकता पूरी कर इसे अविलंब लागू किया जाए। साथ ही 2027 की जनगणना में पृथक कोड के साथ ओबीसी की गिनती कराने पर जोर दिया गया ताकि वास्तविक आंकड़ों के आधार पर लोक कल्याणकारी नीतियां और योजनाएं तैयार की जा सकें। महासभा के संभाग अध्यक्ष विप्लव साहू ने ओबीसी कृषि भूमि संरक्षण अधिनियम बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रस्ताव रखा कि ओबीसी वर्ग के किसानों की जोत/कृषि भूमि को विशेष कानूनी संरक्षण प्रदान किया जाए। इसके अंतर्गत यह प्रावधान किया जाए कि ओबीसी किसान की भूमि का विक्रय या हस्तांतरण केवल इसी वर्ग के व्यक्ति को ही हो सके। यदि किसी अपरिहार्य स्थिति में अन्य वर्ग को भूमि हस्तांतरित करनी हो तो उसके लिए जिला कलेक्टर की पूर्व अनुमति को अनिवार्य बनाया जाए। श्री साहू ने आरोप लगाया कि कतिपय क्षेत्रों में जाली दस्तावेजों, प्रलोभन या अनुचित दबाव के माध्यम से कम कीमतों पर किसानों की जमीनों की खरीद-फरोख्त की जा रही है। उन्होंने मांग की कि विगत 20 सालो के दौरान हुई सभी संदिग्ध भूमि रजिस्ट्रियों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए, और अवैध पाए जाने पर ऐसी रजिस्ट्रियों को निरस्त कर भूमि उसके मूल किसान को वापस लौटाई जाए। ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष शेंखरामू वर्मा ने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकार ने इन न्यायसंगत मांगों पर शीघ्र सहानुभूतिपूर्वक एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो संगठन पूरे राज्य में चरणबद्ध तरीके से विशाल जन आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। इस दौरान ज्योति जंघेल, एड महेंद्र साहू, भुनेश्वर वर्मा, यूगेश सिन्हा, ओमकार यादव, शिवेंद्र वर्मा, खगेश वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, खेमराज वर्मा सहित ओबीसी महासभा के अनेक प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मेरा बूथ, सबसे मजबूत, संकल्प के साथ विकास कार्यों को गति देने की अपील

संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के प्रभारी और श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की मौजूदगी मे भाजपा कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने और आगामी कार्ययोजनाओं पर गहन मंथन किया गया। बैठक मे मंत्री लखन लाल देवांगन ने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात उपरांत हर बूथ कमेटी की बैठक अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि संत शिरोमणि रविदास हर घर गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से आज देश का हर गरीब वर्ग सशक्त हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाने और अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक संकल्पों को पूरा किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल से ही गरीबों को चावल देने और गांवों में सीसी रोड निर्माण की नींव रखी गई थी। वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने 18 लाख गरीबों के प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, धान खरीदी, महतारी वंदन योजना और बकाया बोनस भुगतान का उल्लेख किया।

इस दौरान टीके चंदेल, शशांक ताम्रकार, प्रियंका ताम्रकार, डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, गिरजा चंद्राकर, आनंद सिन्हा, देवकुमार सेन, खम्हन ताम्रकार, ऋषि सिंह, पुष्पा वर्मा, आयश सिंह बोनी, प्रकाश सिंह, दिनेश वर्मा, जमुना कुर्रे, गोरेलाल वर्मा, भावेश कोचर, राजू जंघेल, प्रकाश वर्मा, दीनदयाल सिंहा, लखनलाल साहू, विनय देवांगन, चंदन गिरी, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, किरण गुप्ता, प्रफुल्ल तिवारी सहित विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रविदास जयंती पर होगा भव्य कार्यक्रम

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने प्रभारी मंत्री को आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर जिले में विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी होगी। बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन ने किया।

कांग्रेस घोषणावीर, विकास भाजपा की देन

जिले की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि खैरागढ़ में भाजपा विधायक न होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहा हैं क्योंकि कांग्रेस की नीति केवल भ्रष्टाचार और घोटालों की रही है। आने वाले समय में सर्वांगीण विकास के लिए यहा भाजपा का विधायक होना अत्यंत आवश्यक है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रभारी मंत्री का स्वागत कर उनके सरल और सहज स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि नए जिले में कांग्रेस ने केवल घोषणाएं कीं जबकि असल विकास कार्य और करोड़ो रुपयो का विकासपरक निर्माण कार्य भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत व संचालित हो रहा हैं। संगठन विस्तार पर जोर देते हुए उन्होने कहा कि हर कार्यकर्ता का कर्तव्य सेवा भाव से जरूरतमंदों की मदद करना और संगठन को आगे बढ़ाना है। जिस बूथ पर पार्टी पीछे रह जाती है, वहाँ आत्मचिंतन की आवश्यकता है। कार्यकर्ता का आचरण और व्यवहार ही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने मेरा बूथ, सबसे मजबूत के मूल मंत्र पर बल देते हुए सभी बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों व सह-संयोजकों से पूरी निष्ठा के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया।

सार समाचार

आज निकलेगी कलश यात्रा

राजनांदगांव। न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित राम-लक्ष्मण वाटिका में भगवान भोलेनाथ के साथ शिवगणों की स्थापना का शुभारंभ कल 1 अगस्त को भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ होगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से पुण्य प्राप्त करने का आह्वान किया है। भगवान भोलेनाथ की स्थापना का तीन दिवसीय आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन 1 अगस्त को कलश यात्रा के साथ प्रारंभिक चरण पर होगा। शनिवार सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण राम-लक्ष्मण वाटिका से भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रावण मास के तीसरे दिन न्यू खंडेलवाल कॉलोनी से लेकर आसपास की कॉलोनियों में हर-हर महादेव के जयकारों के साथ आयोजन का संदेश श्रृद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा।

महाकाल मंदिर में होगा बेलपत्र पौधों का निःशुल्क वितरण

राजनांदगांव। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाल मंदिर सिंघोला में महाकाल भक्तों के लिए बेलपत्र के पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक आस्था का संदेश देते बेलपत्र के पौधे प्रदान किए जाएंगे। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि महाकाल मंदिर समिति सिंघोला एवं महाकाल सेना द्वारा आयोजित यह अभियान धार्मिक आस्था, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का अद्भुत संगम है। बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना जाता है। वहीं इसका पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

5 हॉकी खिलाड़ियों का खेलो इंडिया लघु केंद्र में चयन

राजनांदगांव। जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरीपार क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं को दिए जा रहे निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहा है। इसी क्रम में प्रशिक्षण केंद्र के 5 प्रतिभावान खिलाड़ियों प्रिंस साहू, साक्षी साहू, प्रताप सिंह राजपूत, राहुल राजपूत एवं शिवांगी राजपूत का चयन भारत सरकार की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाली महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया लघु केंद्र राजनांदगांव के लिए हुआ है। छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि मिट्टी के मैदान से निकलकर बच्चे अब ऐस्ट्रोटर्फ मैदान में खेलेंगे। रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी ग्रासरूट स्तर के हॉकी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देकर उन्हें अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही है। चयनित खिलाड़ी हॉकी के वरिष्ठ एवं खेलो इंडिया प्रशिक्षक शकील अहमद के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पटरी पार क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है।

स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा इकाई राजनांदगांव की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त) को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। समारोह के तय कार्यक्रमों के अनुसार 15 अगस्त को प्रातः ध्वजारोहण के पश्चात अपरान्ह 3 बजे समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों की जानकारी, अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की फोटो कॉपी 8 अगस्त तक जमा कराई जा सकती है। अंकसूची जमा करने जयनारायण सिंह, ओपी सिंह, विशाल सिंह परिहार, दीपेश सिंह, लालमुनाई सिंह, मुन्ना सिंह एवं वीरेंद्र सिंह से संपर्क किया जा सकता है। बैठक के दौरान कहा गया कि केवल आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज के विस्तार और इतिहास को सहेजने से जुड़े कई दूरगामी निर्णय भी लिए गए। साथ ही जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित सामाजिक संगठनों को पुनः सक्रिय और मजबूत किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर लौटन सिंह की प्रतिमा (स्टैच्यू) महाराणा प्रताप भवन में स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। बैठक में रामनारायण सिंह, उपेंद्र सिंह, डॉ. आरएन सिंह, मिथुन सिंह, लालमुनाई सिंह, विशाल सिंह परिहार, ओपी सिंह, दीपेश सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं मुन्ना सिंह शामिल थे। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के महासचिव जयनारायण सिंह ने दी।

17 सालों में सर्वे और भूमिपूजन के बाद रेल लाइन को फिर हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 17 सालों से सर्वे, स्वीकृति और भूमिपूजन होने के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा बजट जारी नहीं किए जाने से अटकी डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन परियोजन को लेकर एक बार फिर उम्मीद जगी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्चिनी वैष्णव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पांडे की बैठक के बाद केंद्र और राज्य ने इस परियोजना को लेकर अपनी हरी झंडी दिखा दी है। लोगों को उम्मीद है कि अब रेल लाइन का निर्माण शीघ्र शुरू हो जाएगा।

डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन का सफर वर्ष 2009 में प्रारंभिक सर्वे की अनुमति मिलने के साथ शुरू हुआ था। इस दौरान सांसद रहे मधुसूदन यादव के प्रयासो से रेलवे ने प्रस्तावित मार्ग, यात्री एवं माल परिवहन की संभावनाओं तथा तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन कराया। कई वर्षों तक सर्वे, रूट निर्धारण और तकनीकी प्रक्रियाएं चलती रही। इसके बाद 26 सितंबर 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लगभग 294.53 किलोमीटर लंबी नई ब्रॉडगेज विद्युतीकृत रेल लाइन को मंजूरी दी। तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह के प्रयासों से मिली मंजूरी के कुछ ही दिनों बाद 7 अक्टूबर 2018 को कवर्धा में तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल और तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने परियोजना का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। उस समय परियोजना को लगभग 4821 करोड़ रुपए की लागत से 53 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। सांसद संतोष पांडे पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट का निर्माण काम शुरू कराने की दिशा में जुटे रहे, लेकिन रेल मंत्रालय अब एक बार फिर मुहर लगाई है।

रेल लाइन परियोजना को लेकर जगी उम्मीद

कई जिलों को मिलेगा लाभ

यह रेल लाइन राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर और कोरबा जिलों को जोड़ते हुए कटघोरा तक जाएगी। परियोजना पूरी होने से इन क्षेत्रों को नई रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही कोयला, सीमेंट, इस्पात और कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

फिर जगी उम्मीदें

शिलान्यास के बाद फाइनल लोकेशन सर्वे, डीपीआर, वन स्वीकृति और भूमि अधिग्रहण जैसी प्रक्रियाएं आगे बढ़ी, लेकिन इस बीच राज्य में भाजपा की सरकार के हटते यह प्रक्रिया थम गई। विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य अपेक्षित गति से शुरू नहीं हो सका। सांसद संतोष पांडे की पहल पर केंद्र और राज्य सरकार के हालिया प्रयासों के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वर्षों से लंबित यह महत्वाकांक्षी रेल परियोजना जल्द धरातल पर उतर सकेगी।

बढ़ गई प्रोजेक्टर की लागत

केंद्रीय रेल मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त वित्तीय प्रबंधन से यह प्रोजेक्ट पूरा होना है। राज्य सरकार को रेल मंत्रालय को राशि देनी है। 2018 में यह प्रोजेक्ट 4821 करोड़ रुपए का था, जो अब बढ़कर 6947 करोड़ रुपए का हो गया है।

विस अध्यक्ष ने श्रमिक सम्मेलन में की शिरकत

श्रमिकों के जीवन में सरकारी योजनाएं ला रही महत्वपूर्ण परिवर्तन : डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शुक्रवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित श्रमिक सम्मलेन एवं श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि श्रम विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के श्रमिक हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की गई है। प्रदेश की आबादी जिसमें 45 प्रतिशत हिस्सा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं, जिनके लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की गई। जिसका उद्देश्य झुग्गी, झोपड़ी में रहने वाले, मेहनत करने वाले, ईट-पत्थर उठाने वाले, सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण करने वाले, तेंदूपत्ता संग्राहक, खेती-किसानी एवं मजदूरी करने वाले मेहनतकश श्रमिकों के जीवन में परिवर्तन लाने शुरू की गई थी एवं सहायता राशि का प्रावधान किया गया था।

उन्होंने अधिकारियों को जिले में श्रमिकों के पंजीयन का लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत राजनांदगांव में 1 लाख 53 हजार 383 श्रमिक पंजीकृत है। वहीं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 1 लाख 18 हजार 608 श्रमिक पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग की क्षमता एवं संभावनाओं से परिचित है। इसके अनुरूप जिले में श्रमिकों का पंजीयन 1 वर्ष बाद दोगुना करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के माध्यम से हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए।

शिविर लगाकर होगा पंजीयन

छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, मजदूरी के हित के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि राजनांदगांव जिले में श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर श्रमिक पंजीयन करने से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

साढ़े तीन करोड़ की राशि जारी

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिले में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत राजनांदगांव में 1 लाख 53 हजार 383 श्रमिक पंजीकृत है। वहीं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 1 लाख 18 हजार 608 श्रमिक पंजीकृत है। श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया है।

वृहद वृक्षारोपण एवं पीएम सूर्यघर योजना कार्यशाला का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अग्रवाल नवयुवक मंडल राजनांदगांव द्वारा कल 1 अगस्त को दो महत्वपूर्ण जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इन कार्यक्रमों में वृहद वृक्षारोपण अभियान तथा पीएम सूर्य घर योजना पर विशेष कार्यशाला शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष पार्षद राजेश जैन रानू एवं झमीत नादान सेन, विशेष अतिथि सुशील पसारी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, समीर पोद्दार एवं सीए विनोद अग्रवाल होंगे।

कार्यक्रम का प्रथम चरण सुबह 11 बजे अग्रसेन वाटिका अग्रसेन चौक रामाधीन मार्ग में आयोजित किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम हरियाली से खुशहाली अभियान अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। तत्पश्चात 11.30 बजे अग्रसेन भवन में पीएम सूर्यघर योजना विषयक कार्यशाला आयोजित होगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी है।

एमबीबीएस 2021 बैच के इंटर्न डॉक्टरों का सांकेतिक प्रदर्शन, स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस 2021 बैच के इंटर्न डॉक्टरों द्वारा शुक्रवार को मेडिकल के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने स्टाइपेंड बढ़ाकर 15,900 रुपए से 30 हजार रुपये करने मांग की। मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में लगभग दो-ढाई सौ इंटर्न डॉक्टरों सहित मेडिकल विद्यार्थियों, पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरों एवं यूजी बॉन्डेड डॉक्टर शामिल हुए।

तीन वर्षों में नहीं हुआ संशोधन

आंदोलन को लेकर आईएमए-एमएसएन के प्रदेश अध्यक्ष शाहदिल खुसरू ने बताया कि इंटर्न स्टाइपेंड वृद्धि का विषय पूर्व में पांच बार स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से स्टाइपेंड में कोई संशोधन नहीं हुआ है। जबकि महंगाई, कार्यभार एवं जीवन-यापन का खर्च लगातार बढ़ा है। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने मांग की है।

बहिष्कार करने की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तो वे आंदोलन के अगले चरण में जाने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। जबकि ओपीडी एवं अन्य नियमित गैर-आपातकालीन सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा।

घर का ताला तोड़कर आभूषण व नगदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी रकम चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।आरोपियों से चोरी के सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी उमाशंकर साहू निवासी कौरिनभांठा बजरंग वार्ड ने 18 जुलाई को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे अपनी पत्नी के साथ 13 जुलाई को नवा रायपुर स्थित अपनी पुत्री से मिलने गए थे। 17 जुलाई की रात्रि लगभग साढे 11 बजे घर लौटने पर मुख्य गेट एवं चैनल गेट के ताले टूटे मिले। घर के भीतर अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था तथा उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण, चांदी के सिक्के एवं नगद 80,000 सहित कुल लगभग 2.48 लाख मूल्य की संपत्ति अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे।

रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

सीसीटीवी फुटेज खंगाला

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं मार्गों पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। लगातार तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य संकलित करते पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए। जिससे आरोपियों के राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते महाराष्ट्र भागने की पुष्टि हुई।

महाराष्ट्र में पकड़े गए आरोपी

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम तत्काल नागपुर महाराष्ट्र रवाना हुई। वहां संदेहियों रमाकांत उर्फ रामभाऊ एवं वाल्सल सातपुटे को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कौरिनभांठा स्थित सूने मकान में चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया।

सोने का आभूषण गलाकर डल्ला बनाया

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने चोरी किए गए सोने के आभूषणों को गलाकर सोने का डल्ला तैयार कर लिया था, ताकि पहचान छिपाई जा सके। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से सोने को गलाकर बनाया गया डल्ला लगभग 35 ग्राम, चांदी की बिछिया, चांदी की 3 जोड़ी पायल, चांदी के 19 सिक्के, चांदी की एक अन्य जोड़ी बिछिया, अन्य चोरी गया मशरूका एवं नगदी बरामद किया गया है।

हरेली महोत्सव पर शहर में कल बिखरेगी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरेली पर्व के सप्ताहभर पहले कल 2 अगस्त से शहर के स्टेट स्कूल मैदान में वृहद हरेली महोत्सव की रंगीन छंटा बिखेरने जा रही है। छत्तीसगढ़ महतारी का पूजन के साथ रंगारंग आयोजन में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

पत्रकारवार्ता में गुरु गद्दी दामाखेड़ा एसकेडीवी मिशन के महासचिव एमन दास, सामाजिक कार्यकर्ता बिसेसर दास, प्रमोद साहू, राज्य प्रतिनिधि महंत आरती दास,

जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू ने बताया कि मिशन द्वारा कल 2 अगस्त रविवार को स्टेट स्कूल ग्राउंड में प्रदेश स्तरीय वृहद हरेली महोत्सव एवं पर्यावरण नवजागरण सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेशभर के कबीर अनुयायी और हरित प्रेमीजनों सहित छत्तीसगढ़ी लोक कला अनुरागियों की उपस्थिति रहेगी।

होंगे सांस्कृतिक आयोजन

सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक का गायन, तरूणा साहू की पंडवानी, हिमानी वासनिक का भरथरी की प्रस्तुति के साथ ही बांसगीत का भी मंचीय प्रस्तुति आयोजित है। बस्तर के कलाकारों को भी लोक नृत्य पारंपरिक प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया गया है। मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डे, महापौर मधुसूदन यादव की गरिमामय उपस्थिति सहित एसकेडीवी मिशन के राष्ट्रीय एवं राज्य प्रतिनिधि, शासन-प्रशासन के अनेक जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, एसकेडीवी मिशन के तहसील एवं ग्रामीण प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कबीरपंथी अनुयायी एवं आमजन शामिल होंगे।

निकलेगी बाइक रैली

टेड़ेसरा आश्रम में वृक्षारोपण पश्चात बाइक रैली शहर के कबीर चौक पहुंचेगी, फिर वहां से हरेली रैली शोभायात्रा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सांस्कृतिक लोक गीत नृत्य के साथ आगे बढ़ते हुए कार्यक्रम स्थल स्टेट स्कूल मैदान पहुंचेगी, जहां पर लोक खेल- जैसे फुगड़ी, गेड़ी दौड़, रस्सी खींच जैसे अनेक खेल का आयोजन किया गया है। बिसेसर दास ने बताया कि इस पारंपरिक खेल आयोजन में कबीर पंथियों के अलावा कोई भी आमजन निःशुल्क भाग ले सकते हैं।

राजस्व विभाग तथा भू-माफिया में हड़कंप

तहसीलदार ने पटवारियों से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

खबर का असर

जिला मुख्यालय मोहला के आश्रित ग्राम चिलमटोला में कृषि भूमि पर किए जा रहे अवैध प्लाटिंग की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद से राजस्व विभाग के प्रशासनिक गलियारों और भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है। कृषि भूमि की अवैध प्लाटिंग को मोहला तहसीलदार नेहा विश्वकर्मा ने गंभीरता से लिया है और मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

तहसीलदार नेहा विश्वकर्मा ने कृषि भूमि के अवैध प्लाटिंग के मामले में तत्परता दिखाते मोहला तहसील क्षेत्र के समस्त पटवारियों को पत्र जारी कर अवैध प्लाटिंग की जानकारी मांगी है। पटवारियों द्वारा अवैध प्लाटिंग की जानकारी मुहैया करवाने के बाद उचित कार्रवाई की पूर्ण संभावना बताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय मोहला से लगे चिलमटोला में भू-माफिया हेमंत साहू और रेमंत देवांगन द्वारा 7 एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि को टुकड़े-टुकड़े कर बिना अनुमति, बिना टाउन एंड कंट्री प्लानिंग अनुमति और बिना डायवर्सन के भोले-भाले लोगों को आवासीय प्लाट के रूप में ऊंचे दाम पर भूमि बिक्री कर कालोनी बसाने के लिए 40 से अधिक प्लाट काट लिए है। हरिभूमि में खबर प्रकाशित किए जाने के बाद से राजस्व विभाग के अधिकारियों की नींद खुली और अब कार्रवाई को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं।

राजस्व अधिकारियों के बीवी, भाई व रिश्तेदारों के नाम अवैध प्लाटिंग

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में लंबे समय से कृषि भूमि, शासकीय पट्टे कि भूमि और सीलिंग भूमि की खरीद-फरोख्त का काम लंबे समय से मोहला मुख्यालय में चल रहा है। मोटी कमाई के चक्कर में इस अवैध खरीद फरोख्त के मामले में राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी अपनी भूमिका बखूबी निभाते रहे हैं। जिसके कारण जिले में अवैध प्लाटिंग और शासकीय भूमि की रजिस्ट्री, नामांतरण और डायवर्सन का काम दिन-ब-दिन बढ़ता ही गया और भू-माफिया अंधाधुंध कमाई करते आ रहे हैं। मोहला का हाल यह है कि राजस्व अधिकारी के बीबी, भाई और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर अवैध प्लाटों में रजिस्ट्री और नामांतरण हो गया है।

इधर इस सब के बीच मोहला नगरवासियों ने मांग उठाई है कि समस्त बोगस रजिस्ट्री को निरस्त कर भू-माफिया को खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज की जाए।

मुआवजा भी मिल चुका है

आरोप है कि जिस कृषि भूमि पर रेमंत देवांगन और हेमंत साहू ने अवैध प्लाटिंग किया है, वह बांध के डुबान क्षेत्र में आता है और 80 से 90 के दशक में भू-स्वामियों को इसका मुआवजा भी मिल चुका है। राजस्व और सिंचाई विभाग के दस्तावेज खंगाले जाए तो मुआवजा मिलने के साथ साथ भू-अर्जन की कार्रवाई का पता चल सकता है।

ली जा रही जानकारी

मोहला के भीतर बड़े पैमाने पर कृषि भूमि की प्लाटिंग हुई है। जिसकी समस्त जानकारी संबंधित पटवारी से ली जा रही है। रजिस्ट्री और नामांतरण पर रोक लगाने को लेकर पत्र प्रेषित किया गया है।

- **नेहा विश्वकर्मा,** तहसीलदार, मोहला

जिले में अब तक 3544.1 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव। जिले में इस वर्ष 1 जून से अब तक सभी 7 तहसीलों में 3544.1 मिमी बारिश एवं औसत 85.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ में 499.6 मिमी, एलबी नगर में 577 मिमी, राजनांदगांव में 630 मिमी, घुमका में 326 मिमी, छुरिया में 455.2 मिमी, कुमरदा में 576.2 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 480.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

परिजनों ने लगाया आश्रम अधीक्षिका पर लापरवाही बरतने का आरोप

छात्रावास में रहने वाली छात्रा की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के वनांचल में रहने वाली एक छात्रा की मौत होने का मामला सामने आया है। छात्रा एक सप्ताह से बीमार बताई जा रही है, जिसकी सूचना परिजनों को समय पर नहीं दी गई। जिस दिन ज्यादा तबीयत बिगड़ी उस दिन रात के तीन बजे सूचना दी गई। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है।

मामला बोड़ला विकासखंड का है, परिजनों के अनुसार बबीता पद्राम नाम की छात्रा अमेरा कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ती थी। दो दिन पहले अचानक रात में उसकी तबीयत खराब हुई थी। उस वक्त छात्रावास अधीक्षिका हॉस्टल में मौजूद नहीं थी। सुबह परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद वे तुरंत पहुंचकर छात्रा को अस्पताल ले जा रहे थे।

तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिजन उसे अपने घर ले जाकर अंतिम संस्कार किए। लेकिन मामले में हॉस्टल अधीक्षिका की बड़ी लापरवाही सामने आई है, अगर छात्रावास में वह मौजूद रहती तो, शायद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका, परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

सामाजिक नेता सुखनंदन धुर्वे ने बताया कि जिले के वनांचल में रहने वाले बैगा-आदिवासियों के बच्चे भगवान भरोसे ही रह रहे है। उनकी सही देखभाल नहीं हो रही है। जिले के कई छात्रावासों में इस तरह की लापरवाही सामने आ चुकी है। जिस पर सुधार करने की मांग सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारी लक्ष्मी पटेल से किए है। लेकिन किसी तरह से सुधार नहीं होता है, जिसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है, जब फिर इस तरह की घटना होती है, तो विभाग भी जागता है। आखिर कब तक इस तरह का सिलसिला चलता रहेगा। अगर बच्ची की तबीतय एक सप्ताह से खराब थी तो, परिजनों को क्यों नहीं बताया गया। वो अपने स्तर पर उसका इलाज कराते, लेकिन लापरवाही बरती गई, जिसका खामियाजा उस बच्ची को अपनी जान गंवाकर चुकानी पड़ी है।

सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग की चुप्पी

वहीं मामले में सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग लक्ष्मी पटेल की ओर से मीडिया से कुछ भी कहने से बचते नजर आए जब भी इस तरह की घटना होती है, सहायक आयुक्त चुप्पी साध लेते है, जवाबदेही से बचते नजर आते है। घटना को लेकर कलेक्टर की अनुशंसा पर डिप्टी कलेक्टर की अगुवाई में पांच सदस्यीय जांच टीम बनाने की बात कही गई है।

पेंड्रीकला-बसनी मार्ग पर सड़क के बीचों-बीच बने गड्ढे, हादसे की आंशका

■ ग्रामीणों ने तत्काल सुधार व मरम्मत कार्य की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कोलेगांव से हथमुड़ी मार्ग पर पेंड्रीकला एवं बसनी के बीच सड़क की बदहाल स्थिति राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर पाइप (ढोल) डालने के बाद उसके ऊपर केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया, जिससे वह हिस्सा दबकर बड़े गड्ढे का रूप ले चुका है।

बारिश के कारण इस गड्ढे में लगातार पानी भरा रहता है, जिससे वाहन चालकों को इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। स्थानीय लोगों का कहना है कि जो लोग इस मार्ग से नियमित रूप से गुजरते हैं, वे सावधानी से वाहन निकाल लेते हैं, लेकिन अनजान वाहन चालकों के लिए यह स्थान दुर्घटना का कारण बन सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के दोनों किनारों पर पहले से ही पीली मिट्टी डाल दी गई है, जिससे हल्की बारिश में फिसलन बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क के बीच बने गड्ढे ने जोखिम और बढ़ा दिया है। लोगों को हर समय दुर्घटना की आशंका के बीच वाहन चलाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते यदि इस स्थान पर गिट्टी डालकर समतलीकरण किया जाए और उसके बाद डामरीकरण कराया जाए, तो संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जनहित को देखते हुए सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर सोसायटी परिषर में पौधरोपण

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित सोसायटी परिषर में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर ब्रांच मैनेजर व प्राधिकृत अध्यक्ष रामाधार शर्मा एवं समिति कर्मचारी द्वारा पौधरोपण किया गया एवं उसके सुरक्षा के लिए शपथ ग्रहण लिया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, ब्रांच मैनेजर दीपचंद चंद्राकर, नरेंद्र चंद्रवंशी, ईश्वर सिंह चौहान, दिलीप सिंह चौहान व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

खबर संक्षेप

रवेली स्कूल में धूमधाम से मनाई गई गुरू पूर्णिमा

कवर्धा। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय व संकुल केन्द्र रवेली में गुरू पूर्णिमा के विशेष अवसर पर पूजन अर्चन कर अपने शिक्षकों को श्रीफल, पेन व गुलाल लगाकर पूजन अर्चन कर गुरू पूर्णिमा मनाया गया। जिसमें प्रथम गुरु माता-पिता, द्वितीय गुरू पृथ्वी माता, तृतीय गुरू जो ज्ञान अर्जन कराते हैं, कान फूंकते हैं एवं चौथे परिवार मित्र जन समाज आदि विषयों शाला नायक उप शालानायक, कक्षा नायक ने जीवन में गुरु का महत्व पर चर्चा की गई। वहीं प्रधान पाठक रामसिंह साहू समस्त शिक्षक ने विद्यार्थियों को देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादश, तुलसी विवाह तक सविस्तार चौमासा पर चर्चा कर सभी त्यौहार के बारे मे विस्तार से बताया गया।

बीईओं ने रुसे-मोहगांव में की समीक्षा बैठक

कोलेगांव। विकासखंड पंडरिया के ग्राम रुसे व संकुल मोहगांव-रुसे के संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर ने बच्चों के विकास के लिए सभी प्रधान पाठक को अवगत कराया साथ ही पहाड़ा और हिंदी पढ़ना, इंग्लिश पढ़ने-पढ़ाने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए सभी शिक्षकों को कहा गया। बैठक में मुख्यरूप से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर, प्राचार्य बिसेन, कमल कुमार सोनी, उदय शर्मा, संकुल समन्वयक कुमार अनुरागी, देवानंद चंद्रवंशी, धरमराज साहू, रेणुका परिहार, सीमा तम्बोली, रामेश्वर आदिले, चंद्रकुमार जायसवाल सहित सभी प्रधान पाठक व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

प्रवेश के लिए अंतिम चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू

कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, रोजगार एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिग्री एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अंतिम चरण के प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन पंजीयन, काउंसलिंग कर प्रवेश का लाभ ले सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि डिग्री पाठ्यक्रमों में डेटा साइंस, वीएलएसआई एवं पावर सिस्टम शाखाओं में प्रवेश दिया जाएगा, जबकि डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन तथा कॉस्ट्यूम डिजाइन एंड ड्रेस मेकिंग शाखाओं में प्रवेश उपलब्ध है। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए अंतिम चरण का ऑनलाइन पंजीयन 8 अगस्त 2026 तक तथा डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए 1 अगस्त से 6 अगस्त 2026 तक किया जा सकेगा।

आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों का प्रथम कबीरधाम जिला कूडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

कवर्धा। श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के विद्यार्थियों ने प्रथम कबीरधाम जिला कूडो प्रतियोगिता 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 17 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 2 विद्यार्थियों ने रजत पदक तथा 2 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ा। जिस पर स्वर्ण पदक विजेता गामिनी वर्मा, इशिका चंद्रवंशी, ऋषभ गुप्ता, योगांत साहू, गौरव ठाकुर, वसु चंद्रवंशी, अनुराग चंद्रवंशी, मानव चंद्रवंशी, अन्वी सिंह बैस, प्रियंशी चक्रवर्ती, चारु साहू, मानुश्री शुक्ला, खुशबू चंद्रवंशी, श्रद्धा चंद्रवंशी, आरशी चंद्राकर, अनाया खान एवं आरजू यादव वहीं रजत पदक विजेता आस्था सिंह ठाकुर एवं अपूर्वी बंजारे साथ ही साथ कांस्य पदक विजेता दिव्यांशी कुर्रे एवं भावना सुर्वे ने विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्या श्रीमती एम शारदा के करकमलों द्वारा पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ आदित्य चंद्रवंशी ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अनुशासन, कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यालय के खिलाड़ी भविष्य में भी जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे।

नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए करोड़ों की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

विधायक के प्रयासों से स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में कुण्डा को बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कुण्डा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए राज्य शासन ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कुण्डा में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही अस्पताल के सुचारु संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन सहित कुल 56 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है, जिससे आसपास के लगभग 50 से अधिक गांव में निवासरत परिवारों को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य लाभ व चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों की जनभावनाओं के अनुरूप पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम कुण्डा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करने की घोषणा की थी, जिसे पूरा करते हुए यह बड़ी सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है।

इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार केवल अधोसंरचना निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्याप्त चिकित्सकीय मानव संसाधन उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। इसी सोच के अनुरूप नवीन स्वास्थ्य केंद्र के लिए 56 विभिन्न आवश्यक पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है, जिससे अस्पताल में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकेंगी।

स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि कुण्डा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई है। यह केवल एक भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं, बल्कि हजारों परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, समय पर उपचार और सुरक्षित जीवन का भरोसा देने वाला जनहितैषी निर्णय है। अब क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से दूरस्थ स्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की बचत होगी तथा ग्रामीण अंचल के लोगों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। डबल इंजन भाजपा सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, जिसका लाभ दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है।

इस जनहितैषी निर्णय के लिए प्रदेश सरकार का संवेदनशील नेतृत्व जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेकर विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। हमें विश्वास है कि यह स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त केंद्र बनेगा और क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जनता को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले इसके लिए हम निरन्तर प्रयास कर रहें हैं। पंडरिया विधानसभा में आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित सहायता के लिए 8 निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा आज हजारों परिवारों के लिए संजीवनी बनी है। इस निःशुल्क सेवा से कई परिवारों के सदस्यों को त्वरित सहायता मिल रही है।

ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा/कोलेगांव

पंडरिया विधायक भावना बोहरा शुक्रवार को कुण्डा मण्डल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत की। विधायक भावना बोहरा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्राम माकरी में शोकाकुल परिवार व्याख्याता विद्याचरण शुक्ला एवं शोकाकुल परिवार राजेश शुक्ला के उनके धर्मपत्नी पूर्व प्राध्यापक स्व मंजुलता शुक्ला की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर मृतात्मा को श्रद्धासुमन श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों से भेंट-मुलाकात कर परिजनों को सांत्वना दी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछा एवं समस्याओं से रूबरू हुए। वहीं ग्राम मोहतरा खुर्द में आयोजित नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई साथ ही साथ विधायक भावना ग्राम मोहतरा खुर्द में नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई। कार्यक्रम के पूर्व विधायक भावना बोहरा का पुष्पगुच्छ और श्रीफल देकर सम्मान किया। विधायक भावना ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की और मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। ग्राम माकरी में विद्याचरण शुक्ला की पूजनीय माता स्व रानू शुक्ला स्मरण में विधायक भावना बोहरा एवं परिजनों ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। इस अवसर पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदीप गोस्वामी, रामकुमार भट्ट, विशेषर पटेल, पीयूष ठाकुर, दिनेश मिश्रा, नंदनी साहू, अंजनी साहू, कृष्णा चंद्राकर, समुद सेवाराम कुर्रे, राजू श्रीवास, रमन खनूजा, मुरली चंद्राकर, सूरज यादव, रामायण वैष्णव, गोविंद साहू, बाबूलाल रजक रामाधार शर्मा, छत्र किशोर सोनू तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, विकास पांडेय, पवन शर्मा, घनश्याम साहू, दिनेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

योग समिति ने श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गुरू पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम द्वारा जिला कार्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी रामदेव महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण महाराज के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित करने और विधिवत पूजन के साथ हुई।

तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित योग साधकों एवं कार्यकर्ताओं ने आहुतियां देकर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान का मार्ग ही नहीं दिखाते, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का कार्य भी करते हैं। इस अवसर पर स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण द्वारा योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के क्षेत्र में किए जा रहे राष्ट्रहित के कार्यों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भजन, गीत, संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। योग साधकों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए गुरु महिमा का गुणगान किया और सामाजिक समरसता, स्वस्थ जीवनशैली तथा स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष एवं योग गुरु सुरेश चंद्रवंशी का जिले में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जनजागरण के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में योग साधकों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर किया।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में प्राकृतिक आपदा, बाढ़ से बचाव के लिए, जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में चौबीस घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक जारी किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। तैनात कर्मचारी किसी भी आपात स्थिति में नोडल अधिकारी बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रूचि शार्दुल को पर तत्काल सूचित करेंगे।

जिले में 352.3 मिलीमीटर औसत वर्षा

कवर्धा। जिले में एक जून से आज तक 352.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 350.5 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 294.8 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 312.7 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 268.0 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 365.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 249.6 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 474.1 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 504.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 31 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 18.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 15.3 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 13.1 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 22.6 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 13.8 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 35.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 20.3 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 16.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। आदिवासी विकास विभाग, कबीरधाम द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रमों में वर्ष 2026-27 के लिए शासन द्वारा स्वीकृत सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के बाद कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं। इन रिक्त सीटों पर पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश देकर छात्रावास एवं आश्रम की आवासीय सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। ने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थियों से समय पर आवेदन प्रस्तुत कर छात्रावास एवं आश्रम की आवासीय सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

जिले भर में बेसहारा गौवंश बना किसानों और राहगीरों के लिए बड़ी चुनौती

- किसानों ने शासन-प्रशासन से की स्थायी समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कबीरधाम जिले में बेसहारा गौवंश की बढ़ती संख्या किसानों और आम नागरिकों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। एक ओर सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर रात के समय यही मवेशी किसानों की खड़ी फसलों को चरकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

किसानों का कहना है कि इस समस्या से उनकी आजीविका पर सीधा संकट खड़ा हो गया है। एक अनुमान के अनुसार जिले में प्रतिदिन औसतन तीन से चार गौवंश सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। वहीं, रात के समय खेतों में पहुंचने वाले बेसहारा गौवंश किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे दिनभर खेतों की रखवाली तो कर लेते हैं, लेकिन पूरी रात जागकर फसलों की सुरक्षा करना संभव नहीं है। किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि खेती ही उनके परिवार के जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन है।

बेसहारा गौवंश के कारण फसलों के लगातार नुकसान से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व उन्हें जानकारी मिली थी कि भोरमदेव क्षेत्र में बेसहारा गौवंश के संरक्षण के लिए गौ अभयारण्य बनाया जाएगा, जहां जिलेभर के बेसहारा गोवंश को रखा जाएगा।

हालांकि, आज तक इस योजना पर कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दी है। न तो गौ अभयारण्य अस्तित्व में आया और न ही बेसहारा गोवंश की समस्या के समाधान के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। किसानों का कहना है कि राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद सड़कों पर गौ माता की लगातार हो रही मौतें और किसानों की फसलों की बर्बादी चिंता का विषय है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए सरकार से मांग की कि गौ माता के संरक्षण और किसानों की आजीविका दोनों को ध्यान में रखते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

प्रायः हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में हो रही गौवंश की मौत

जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले में लगभग हर दिन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंश की मौत हो रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते एक सप्ताह के भीतर इंदौरी नगरीय क्षेत्र में ही आधा दर्जन गौवंश सड़क हादसों का शिकार हो चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के मौसम में गांवों के गोठानों में कीचड़ और गंदगी होने के कारण गौवंश सड़कों पर ही डेरा डाल लेते हैं। रात होने पर यही मवेशी खेतों में पहुंचकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

समस्या: गांव में स्कूल नहीं, उफनती नदी व नाला को पार कर जाते हैं भेड़ागढ़

ग्राम पंडरीपानी के स्कूली बच्चों के लिए शिक्षा की राह आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

एक ओर सरकार हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित शिक्षा पहुंचाने के दावे कर रही है, वहीं कबीरधाम जिले के दूरस्थ ग्राम पंडरीखार की हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। गांव में शासकीय विद्यालय नहीं होने के कारण मासूम बच्चों को प्रतिदिन उफनती नदी और तेज बहाव वाले नाले को पार कर दूसरे गांव के स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में यह सफर जानलेवा बन जाता है, लेकिन शिक्षा के प्रति जज्बा ऐसा है कि खतरे के बावजूद बच्चे रोज स्कूल जाने को मजबूर हैं।

कबीरधाम जिले के दूरस्थ ग्राम पंडरीखार में शिक्षा व्यवस्था की बदहाल तस्वीर सामने आई है। गांव में आज तक शासकीय विद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है। इसका खामियाजा यहां के छोटे-छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। उन्हें प्रतिदिन पढ़ाई के लिए ग्राम पंचायत भेड़ागढ़ स्थित शासकीय विद्यालय जाना पड़ता है। बरसात के मौसम में यह सफर बेहद खतरनाक हो जाता है।

स्कूल पहुंचने के लिए बच्चों को उफनती नदी और तेज बहाव वाले नाले को पार करना पड़ता है। बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ने से हर दिन हादसे का खतरा बना रहता है। नन्हे कंधों पर स्कूल बैग और हाथों में किताबें लिए बहते पानी के बीच स्कूल जाते बच्चों का दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर देने वाला है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पानी का बहाव इतना तेज हो जाता है कि बच्चों को नदी पार कराने के लिए अभिभावकों को भी साथ जाना पड़ता है। हर दिन माता-पिता इस डर के साथ बच्चों को स्कूल भेजते हैं कि वे सुरक्षित वापस लौट आएंगे या नहीं। इसके बावजूद शिक्षा के प्रति बच्चों का उत्साह कम नहीं हुआ है और वे तमाम जोखिमों के बीच अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या नई नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है।

वर्षों से उठ रही मांग, समाधान नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि पंडरीखार में शासकीय विद्यालय और नदी पर पुल निर्माण की मांग कई वर्षों से की जा रही है। पंचायत स्तर से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक समस्या पहुंचाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर बरसात में हालात पहले जैसे ही बने रहते हैं और बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है।

शिक्षा का अधिकार तभी होगा सार्थक, जब रास्ता भी होगा सुरक्षित

विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा केवल विद्यालय में प्रवेश दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में स्कूल पहुंचाना भी शासन की जिम्मेदारी है। पंडरीखार जैसे गांवों की स्थिति बताती है कि आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी शैक्षणिक सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार को ऐसे संवेदनशील मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसी दुर्घटना से पहले बच्चों को सुरक्षित शिक्षा का अधिकार मिल सके।

कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष गांव में शासकीय विद्यालय खोलने तथा नदी पर पुल या पुलिया निर्माण की मांग रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। नतीजतन हर वर्ष बरसात के दौरान बच्चों की जान जोखिम में पड़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

उनका कहना है कि शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा, जब बच्चों को सुरक्षित वातावरण और सुरक्षित आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि ग्राम पंडरीखार में शीघ्र शासकीय विद्यालय खोला जाए। यदि तत्काल स्कूल खोलना संभव नहीं है, तो बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए नदी पर स्थायी पुल अथवा पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि उन्हें जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने की मजबूरी से मुक्ति मिल सके।

बोड़ला कांग्रेस का विद्युत कार्यालय में हल्लाबोल

- स्मार्ट मीटर नहीं, जनता को लूटने का हथियार: नवीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

पोड़ी में बढ़ते बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का गुस्सा शुक्रवार को पोड़ी में खुलकर सामने आया।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छबिलाल वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय का घेराव कर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और सरकार पर जनता के साथ विश्वासघात और आर्थिक लूट का आरोप लगाया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश का हर वर्ग संकट में है। महंगे बिजली बिलों ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है, किसान खाद-बीज के लिए दर-दर भटक रहे हैं, महिलाएं बढ़ती महंगाई में घर चलाने को मजबूर हैं और स्मार्ट मीटर के नाम पर गरीबों की जेब काटी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी समितियों में खाद नहीं है, जबकि निजी दुकानों में खुलेआम ऊंचे दामों पर खाद उपलब्ध है।

यह सरकार किसानों और गरीबों की नहीं, बल्कि मुनाफाखोरों की सरकार बनकर रह गई है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीना मुश्किल कर दिया है। किसान खाद, बीज और उर्वरक के लिए परेशान हैं, लेकिन सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी हुई है।

कार्यक्रम में प्रमुखरूप से प्रदेश सचिव वीरेंद्र जांगड़े,कवर्धा शहर अध्यक्ष अशोक सिंह, मणिकांत त्रिपाठी, घनश्याम साहू, उत्तर दिवाकर, प्रभाती मरकाम, महेश चंद्रवंशी, गोपाल चंद्रवंशी, मनीष शर्मा, भीषण पांडेय, सुधांशु बघेल, खोरबहरा साहू, राजेंद्र साहू, लखन सिंह राजपूत, चंद्रभान कोसले, अन्नपूर्णा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय सावन महोत्सव में देश के वीर सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बोड़ला

जिला स्तरीय सावन महोत्सव के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल बोड़ला का मंडल अध्यक्ष श्रीमती विद्या श्रीवास एवं मंडल महामंत्री कौशिल्या यादव मंत्री सुशीला साहू लता मानिकपुरी द्वारा देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के सम्मान एवं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रक्षा सूत्र राखी समर्पित किए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं विशिष्ट अतिथियों श्रीमती रश्मि शर्मा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी, श्रीमती शीतल नायक महिला मोर्चा दुर्ग संभाग प्रभारी, श्रीमती दिव्या कलिहारी जिला प्रभारी तथा श्रीमती मधु राय सह प्रभारी श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष को रक्षा सूत्र सौंपे गए, जिन्हें देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों तक भेजा जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने भारतीय सेना के शौर्य, त्याग और समर्पण को नमन करते हुए रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सैनिकों के प्रति सम्मान एवं स्नेह का संदेश दिया। कार्यक्रम देशभक्ति और राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत रहा।

35 दिनों में आबकारी विभाग के 143 छापे, 113 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

आबकारी आयुक्त पदुम सिंह एल्मा एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मुकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला आबकारी विभाग द्वारा 25 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक जिलेभर में सघन छापामार कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की गई है। विशेष अभियान के दौरान आबकारी विभाग की टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 143 छापेमार कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप 113 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें 06 गैर-जमानतीय प्रकरण तथा 02 अन्य राज्य मध्यप्रदेश की मदिरा से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने बताया कि कार्रवाई के दौरान विभाग ने कुल 145.81 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की।

इसमें 124.05 बल्क लीटर देशी मदिरा, 9.76 बल्क लीटर विदेशी मदिरा तथा 12.00 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब शामिल है। जब्त की गई मदिरा में 13.54 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा भी सम्मिलित है, जिसे अवैध रूप से जिले में लाया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान अवैध मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त 03 दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। जब्त मदिरा, वाहनों एवं अन्य सामग्रियों का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 1,60,521 आंका गया है।

घोंघा स्कूल की छात्राओं ने बढ़ाया मान छात्राएं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बोड़ला

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कबीरधाम की प्रथम बैठक जिला मुख्य आयुक्त, जिला सचिव और सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।

इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल घोंघा की चार प्रतिभाशाली छात्राओं खिलेश्वरी पटेल, दीपा पटेल, नेहा तिलगाम और आरती पटेल को सत्र 2025-26 की राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की स्काउट-गाइड गतिविधियां संस्था की व्याख्याता एवं गाइड कैप्टन सुश्री भगवती हठीले तथा स्काउट मास्टर राजेश कुमार साहू के कुशल मार्गदर्शन में

संचालित हो रही हैं। इनके निरंतर प्रयास से विद्यालय के छात्र-छात्राएं जिला व राज्य स्तरीय आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी का परिणाम है कि बीते 5 वर्षों में विद्यालय की कुल 25 छात्राएं प्रतिष्ठित 'राज्यपाल पुरस्कार' से सम्मानित हो चुकी हैं।

बैठक के दौरान जिला आयुक्त ने अपने उद्बोधन में कहा स्काउट एवं गाइड की गतिविधियां विद्यार्थियों के भीतर अनुशासन, ईमानदारी, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित करती हैं।

छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य रामकुमार बघेल, व्याख्याता हेमंत कुमार सोनी, ब्रजेश कुमार गुप्ता एवं श्रीमती अनिमा एक्का ने सभी पुरस्कृत छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

दैनिक उपयोग की मनमोहक सामग्रियों, खाद्य पदार्थ और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की सजेगी बगिया

भोरमदेव के आंगन में 2 अगस्त से सजेगा संभागीय सरस मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

सावन के पवित्र महीने में बाबा भोरमदेव के आंगन पर संभागीय सरस मेला का आयोजन हो रहा है। जिसमें स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदियों द्वारा निर्मित शुद्ध स्वदेशी प्राकृतिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का भव्य प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा।

यह आयोजन 02 अगस्त से 06 अगस्त 2026 तक भोरमदेव मंदिर के पास ग्राम पंचायत चैरा विकासखंड बोड़ला में होगा। विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर की पावन एवं ऐतिहासिक धरा पर आयोजित यह मेला केवल खरीदारी का अवसर नहीं बल्कि ग्रामीण उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय संस्कृति का महोत्सव भी है। यहाँ आपको एक ही स्थान पर ताजे एवं पौष्टिक मिलेट उत्पाद, स्वादिष्ट घरेलू खाद्य सामग्री, वनोपज आधारित उत्पाद जैसे चार चिरौंजी, महुआ एवं अन्य स्थानीय उत्पाद मिलेंगे।

इसके साथ ही हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा सामग्री बाँस एवं बेंत से बने आकर्षक उत्पाद घरेलू सजावटी वस्तुएँ, पारंपरिक परिधान तथा अनेक प्रकार के अन्य उपयोगी स्वदेशी सामग्रियां भी उपलब्ध होंगी। 2 अगस्त से प्रारंभ होने वाले पांच दिवसीय संभागीय सरस मेले के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

सरस मेला में लगाए जाएंगे लगभग 45 से 50 स्टॉल

उल्लेखनीय है कि संभागीय सरस मेले में दुर्ग संभाग के कबीरधाम सहित जिला दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अतिरिक्त अन्य जिलों की महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा उत्पादित आकर्षक सामग्रियों की प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए लगभग 45 से 50 स्टॉल लगाया जाएगा। 2 अगस्त से 6 अगस्त तक भोरमदेव मंदिर के पास ग्राम चैरा में आयोजित होने वाले संभागीय सरस मेला का परिवार, मित्रों और प्रियजनों के साथ आनंद उठाया जा सकता है।

बिहान योजना से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्रियों से निर्मित विभिन्न उपयोगी वस्तुओं एवं जैविक खाद्य सामग्रियों का उत्पादन करते हुए बहुत ही कम दर पर आम जनता के लिए विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जाता है। इन उत्पादों में ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भर भारत का संदेश है।

सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने आगे कहा कि आपकी प्रत्येक खरीदारी एक ग्रामीण परिवार की आय बढ़ाती है और महिला उद्यमी का आत्मविश्वास मजबूत करते हुए वोकल फॉर लोकल के संकल्प को साकार करता है। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा जिसमें लोकनृत्य, लोकगीत की प्रस्तुति विभिन्न कलाकारों द्वारा दी जाएगी। संभागीय सरस मेला में आकर्षक उत्पादकों की प्रदर्शनी सह विक्रय के साथ कला एवं परंपरा की रंगारंग प्रस्तुतियां आपका मन मोह लेंगी।मेले में सभी आयु वर्ग के लिए अनेक सामग्रियां उपलब्ध रहेंगी।।

कुण्डा नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति पर आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुण्डा

कुण्डा क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग सामुदायिक भवन की स्थापना एवं निर्माण की स्वीकृति आज विधायक भावना बोहरा की पहल से पूरा हुआ की हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव की बात है।

उक्त बात सेवा सहकारी समिति कुण्डा के अध्यक्ष अमन खनूजा ने कहा उन्होंने बताया कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा के पहल पर नगरीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुण्डा में 16 करोड़ 50 लाख रु की लागत से नवीन सामुदायिक केंद्र की स्थापना एवं भव्य भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कुण्डा एवं क्षेत्रवासियों को बेहतर त्वरित और सुचारू स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सकों विशेषज्ञों नर्सिंग स्टॉफ लैब टेक्नीशियन सहित 56 नए पदों के सृजन की स्वीकृति भी जारी की गई है कुण्डा क्षेत्र की इस बड़ी उपलब्धि के लिए सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा ने कुण्डा वासियों एवं क्षेत्रवासियों की ओर से विधायक भावना बोहरा का आभार जताया।

सार समाचार

आज निकलेगी कलश यात्रा

राजनांदगांव। न्यू खंडेलवाल कॉलोनी स्थित राम-लक्ष्मण वाटिका में भगवान भोलेनाथ के साथ शिवगणों की स्थापना का शुभारंभ कल 1 अगस्त को भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ होगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से पुण्य प्राप्त करने का आह्वान किया है। भगवान भोलेनाथ की स्थापना का तीन दिवसीय आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन 1 अगस्त को कलश यात्रा के साथ प्रारंभिक चरण पर होगा। शनिवार सुबह 10 बजे मंदिर प्रांगण राम-लक्ष्मण वाटिका से भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रावण मास के तीसरे दिन न्यू खंडेलवाल कॉलोनी से लेकर आसपास की कॉलोनियों में हर-हर महादेव के जयकारों के साथ आयोजन का संदेश श्रृद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा।

महाकाल मंदिर में होगा बेलपत्र पौधों का निःशुल्क वितरण

राजनांदगांव। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाल मंदिर सिंघोला में महाकाल भक्तों के लिए बेलपत्र के पौधों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक आस्था का संदेश देते बेलपत्र के पौधे प्रदान किए जाएंगे। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि महाकाल मंदिर समिति सिंघोला एवं महाकाल सेना द्वारा आयोजित यह अभियान धार्मिक आस्था, प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का अद्भुत संगम है। बेलपत्र भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना जाता है। वहीं इसका पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

5 हॉकी खिलाड़ियों का खेलो इंडिया लघु केंद्र में चयन

राजनांदगांव। जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरीपार क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं को दिए जा रहे निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहा है। इसी क्रम में प्रशिक्षण केंद्र के 5 प्रतिभावान खिलाड़ियों प्रिंस साहू, साक्षी साहू, प्रताप सिंह राजपूत, राहुल राजपूत एवं शिवांगी राजपूत का चयन भारत सरकार की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाली महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया लघु केंद्र राजनांदगांव के लिए हुआ है। छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि मिट्टी के मैदान से निकलकर बच्चे अब ऐस्ट्रोटर्फ मैदान में खेलेंगे। रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी ग्रासरूट स्तर के हॉकी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देकर उन्हें अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही है। चयनित खिलाड़ी हॉकी के वरिष्ठ एवं खेलो इंडिया प्रशिक्षक शकील अहमद के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पटरी पार क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है।

स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी विद्यार्थी होंगे सम्मानित

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा इकाई राजनांदगांव की एक महत्वपूर्ण बैठक समाज के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त) को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। समारोह के तय कार्यक्रमों के अनुसार 15 अगस्त को प्रातः ध्वजारोहण के पश्चात अपरान्ह 3 बजे समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों की जानकारी, अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की फोटो कॉपी 8 अगस्त तक जमा कराई जा सकती है। अंकसूची जमा करने जयनारायण सिंह, ओपी सिंह, विशाल सिंह परिहार, दीपेश सिंह, लालमुनाई सिंह, मुन्ना सिंह एवं वीरेंद्र सिंह से संपर्क किया जा सकता है। बैठक के दौरान कहा गया कि केवल आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज के विस्तार और इतिहास को सहेजने से जुड़े कई दूरगामी निर्णय भी लिए गए। साथ ही जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्थित सामाजिक संगठनों को पुनः सक्रिय और मजबूत किया जाएगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर लौटन सिंह की प्रतिमा (स्टैच्यू) महाराणा प्रताप भवन में स्थापित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। बैठक में रामनारायण सिंह, उपेंद्र सिंह, डॉ. आरएन सिंह, मिथुन सिंह, लालमुनाई सिंह, विशाल सिंह परिहार, ओपी सिंह, दीपेश सिंह, वीरेंद्र सिंह एवं मुन्ना सिंह शामिल थे। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के महासचिव जयनारायण सिंह ने दी।

हरेली महोत्सव पर शहर में कल बिखरेगी छटा

राजनांदगांव। हरेली पर्व के सप्ताहभर पहले कल 2 अगस्त से शहर के स्टेट स्कूल मैदान में वृहद हरेली महोत्सव की रंगीन छंटा बिखेरने जा रही है। छत्तीसगढ़ महतारी का पूजन के साथ रंगारंग आयोजन में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। पत्रकारवार्ता में गुरु गद्दी दामाखेड़ा एसकेडीवी मिशन के महासचिव एमन दास, सामाजिक कार्यकर्ता बिसेसर दास, प्रमोद साहू, राज्य प्रतिनिधि महंत आरती दास, जिला प्रतिनिधि उत्तम साहू ने बताया कि मिशन द्वारा कल 2 अगस्त रविवार को स्टेट स्कूल ग्राउंड में प्रदेश स्तरीय वृहद हरेली महोत्सव एवं पर्यावरण नवजागरण सभा का आयोजन किया जा रहा है।

17 सालों में सर्वे और भूमिपूजन के बाद रेल लाइन को फिर हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 17 सालों से सर्वे, स्वीकृति और भूमिपूजन होने के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा बजट जारी नहीं किए जाने से अटकी डोंगरगढ़ कटघोरा रेल लाइन परियोजन को लेकर एक बार फिर उम्मीद जगी है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद संतोष पांडे की बैठक के बाद केंद्र और राज्य ने इस परियोजना को लेकर अपनी हरी झंडी दिखा दी है। लोगों को उम्मीद है कि अब रेल लाइन का निर्माण शीघ्र शुरू हो जाएगा।

डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन का सफर वर्ष 2009 में प्रारंभिक सर्वे की अनुमति मिलने के साथ शुरू हुआ था। इस दौरान सांसद रहे मधुसूदन यादव के प्रयासो से रेलवे ने प्रस्तावित मार्ग, यात्री एवं माल परिवहन की संभावनाओं तथा तकनीकी व्यवहार्यता का अध्ययन कराया। कई वर्षों तक सर्वे, रूट निर्धारण और तकनीकी प्रक्रियाएं चलती रही। इसके बाद 26 सितंबर 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लगभग 294.53 किलोमीटर लंबी नई ब्रॉडगेज विद्युतीकृत रेल लाइन को मंजूरी दी। तत्कालीन सांसद अभिषेक सिंह के प्रयासों से मिली मंजूरी के कुछ ही दिनों बाद 7 अक्टूबर 2018 को कवर्धा में तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल और तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने परियोजना का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। उस समय परियोजना को लगभग 4821 करोड़ रुपए की लागत से 53 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। सांसद संतोष पांडे पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट का निर्माण काम शुरू कराने की दिशा में जुटे रहे, लेकिन रेल मंत्रालय अब एक बार फिर मुहर लगाई है।

रेल लाइन परियोजना को लेकर जगी उम्मीद

कई जिलों को मिलेगा लाभ

यह रेल लाइन राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर और कोरबा जिलों को जोड़ते हुए कटघोरा तक जाएगी। परियोजना पूरी होने से इन क्षेत्रों को नई रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही कोयला, सीमेंट, इस्पात और कृषि उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

फिर जगी उम्मीदें

शिलान्यास के बाद फाइनल लोकेशन सर्वे, डीपीआर, वन स्वीकृति और भूमि अधिग्रहण जैसी प्रक्रियाएं आगे बढ़ी, लेकिन इस बीच राज्य में भाजपा की सरकार के हटते यह प्रक्रिया थम गई। विभिन्न कारणों से निर्माण कार्य अपेक्षित गति से शुरू नहीं हो सका। सांसद संतोष पांडे की पहल पर केंद्र और राज्य सरकार के हालिया प्रयासों के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वर्षों से लंबित यह महत्वाकांक्षी रेल परियोजना जल्द धरातल पर उतर सकेगी।

बढ़ गई प्रोजेक्टर की लागत

केंद्रीय रेल मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त वित्तीय प्रबंधन से यह प्रोजेक्ट पूरा होना है। राज्य सरकार को रेल मंत्रालय को राशि देनी है। 2018 में यह प्रोजेक्ट 4821 करोड़ रुपए का था, जो अब बढ़कर 6947 करोड़ रुपए का हो गया है।

विस अध्यक्ष ने श्रमिक सम्मेलन में की शिरकत

श्रमिकों के जीवन में सरकारी योजनाएं ला रही महत्वपूर्ण परिवर्तन : डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शुक्रवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित श्रमिक सम्मेलन एवं श्रम विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि श्रम विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के श्रमिक हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की गई है। प्रदेश की आबादी जिसमें 45 प्रतिशत हिस्सा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं, जिनके लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की गई। जिसका उद्देश्य झुग्गी, झोपड़ी में रहने वाले, मेहनत करने वाले, ईट-पत्थर उठाने वाले, सड़क, पुल-पुलिया एवं भवन निर्माण करने वाले, तेंदूपत्ता संग्राहक, खेती-किसानी एवं मजदूरी करने वाले मेहनतकश श्रमिकों के जीवन में परिवर्तन लाने शुरू की गई थी एवं सहायता राशि का प्रावधान किया गया था।

उन्होंने अधिकारियों को जिले में श्रमिकों के पंजीयन का लक्ष्य बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत राजनांदगांव में 1 लाख 53 हजार 383 श्रमिक पंजीकृत है। वहीं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 1 लाख 18 हजार 608 श्रमिक पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग की क्षमता एवं संभावनाओं से परिचित है। इसके अनुरूप जिले में श्रमिकों का पंजीयन 1 वर्ष बाद दोगुना करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के माध्यम से हर ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर श्रमिकों का पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए।

शिविर लगाकर होगा पंजीयन

छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि गांव, गरीब, किसान, मजदूरी के हित के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि राजनांदगांव जिले में श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर श्रमिक पंजीयन करने से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा।

साढ़े तीन करोड़ की राशि जारी

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिले में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत राजनांदगांव में 1 लाख 53 हजार 383 श्रमिक पंजीकृत है। वहीं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 1 लाख 18 हजार 608 श्रमिक पंजीकृत है। श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1802 हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 74 हजार 970 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया है।

वृहद वृक्षारोपण एवं पीएम सूर्यघर योजना कार्यशाला का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अग्रवाल नवयुवक मंडल राजनांदगांव द्वारा कल 1 अगस्त को दो महत्वपूर्ण जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इन कार्यक्रमों में वृहद वृक्षारोपण अभियान तथा पीएम सूर्य घर योजना पर विशेष कार्यशाला शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष पार्षद राजेश जैन रानू एवं झमीत नादान सेन, विशेष अतिथि सुशील पसारी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, समीर पोद्दार एवं सीए विनोद अग्रवाल होंगे।

कार्यक्रम का प्रथम चरण सुबह 11 बजे अग्रसेन वाटिका अग्रसेन चौक रामाधीन मार्ग में आयोजित किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम हरियाली से खुशहाली अभियान अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। तत्पश्चात 11.30 बजे अग्रसेन भवन में पीएम सूर्यघर योजना विषयक कार्यशाला आयोजित होगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी है।

घर का ताला तोड़कर आभूषण-नगदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सूने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी रकम चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।आरोपियों से चोरी के सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी उमाशंकर साहू निवासी कौरिनभांठा बजरंग वार्ड ने 18 जुलाई को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे अपनी पत्नी के साथ 13 जुलाई को नवा रायपुर स्थित अपनी पुत्री से मिलने गए थे। 17 जुलाई की रात्रि लगभग साढे 11 बजे घर लौटने पर मुख्य गेट एवं चैनल गेट के ताले टूटे मिले। घर के भीतर अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था तथा उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण, चांदी के सिक्के एवं नगद 80,000 सहित कुल लगभग 2.48 लाख मूल्य की संपत्ति अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 भारतीय न्याय संहिता

सीसीटीवी फुटेज खंगाला

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं मार्गों पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। लगातार तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य संकलित करते पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए। जिससे आरोपियों के राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते महाराष्ट्र भागने की पुष्टि हुई।

महाराष्ट्र में पकड़े गए आरोपी

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त पुलिस टीम तत्काल नागपुर महाराष्ट्र रवाना हुई। वहां संदेहियों रमाकांत उर्फ रामभाऊ एवं वाल्सल सातपुटे को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कौरिनभांठा स्थित सूने मकान में चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया।

एमबीबीएस 2021 बैच के इंटर्न डॉक्टरों का सांकेतिक प्रदर्शन, स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस 2021 बैच के इंटर्न डॉक्टरों द्वारा शुक्रवार को मेडिकल के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने स्टाइपेंड बढ़ाकर 15,900 रुपए से 30 हजार रुपये करने मांग की। मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में लगभग दो-ढाई सौ इंटर्न डॉक्टरों सहित मेडिकल विद्यार्थियों, पोस्टग्रेजुएट रेजिडेंट डॉक्टरों एवं यूजी बॉन्डेड डॉक्टर शामिल हुए।

तीन वर्षों में नहीं हुआ संशोधन

आंदोलन को लेकर आईएमए-एमएसएन के प्रदेश अध्यक्ष शाहदिल खुसरू ने बताया कि इंटर्न स्टाइपेंड वृद्धि का विषय पूर्व में पांच बार स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से स्टाइपेंड में कोई संशोधन नहीं हुआ है। जबकि महंगाई, कार्यभार एवं जीवन-यापन का खर्च लगातार बढ़ा है। उन्होंने राज्य सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने मांग की है।

बहिष्कार करने की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तो वे आंदोलन के अगले चरण में जाने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। जबकि ओपीडी एवं अन्य नियमित गैर-आपातकालीन सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा।